राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 ▶ रकुल प्रीत सिंह का बोल्ड अंदाज...



उम्मीद है इस बार 'राम धन' की... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 03 सितंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 178, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

# एनएचएआई टोल घोटाले पर ईडी का बड़ा एक्शन, देशभर में 14 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनएचएआई टोल प्लाजा पर फर्जी वसूली से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू, मध्य प्रदेश, एनसीआर और कोलकाता में अलग-अलग स्थानों पर यह कार्रवाई की।

दरअसल, आरोपियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के समानांतर एक फर्जी सॉफ्टवेयर तैयार कर टोल वसूली में करोड़ों रुपये की कथित हेराफेरी की। इस पूरे फजीर्वाड़े का खुलासा उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने किया था। जांच में सामने आया कि टोल से होने वाली कुल वसूली का महज पांच प्रतिशत हिस्सा सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता था, जबकि करीब 95 प्रतिशत राशि कथित तौर पर सरकारी हिसाब-किताब से बाहर रखी जा रही थी। मामले में दर्ज दो पुलिस एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि फर्जी सॉफ्टवेयर के जरिए टोल रसीदें तैयार कर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गई। टोल प्लाजा से प्राप्त रकम को आधिकारिक अकाउंटिंग सिस्टम में दर्ज करने के बजाय बाहर डायवर्ट किया जाता था। ईडी की जांच में फोरेंसिक जांच और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के रिकॉर्ड के आधार पर फर्जी सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है। एजेंसी की ताजा छापेमारी का मुख्य उद्देश्य फजीर्वाड़े से जुड़े डिजिटल और अन्य महत्वपूर्ण सबूत जुटाना, इसमें शामिल आरोपियों की पहचान करना तथा अपराध से अर्जित रकम और उसके लेनदेन का पता लगाना है।




● एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि फर्जी सॉफ्टवेयर के जरिए टोल रसीदें तैयार कर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गई

## पीएनबी करेंसी चेस्ट में मिला 17 करोड़ का नकली नोटों का अंबार, आरबीआइ के उड़े होश, 3 अधिकारी नपे

**सहारनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के करेंसी चेस्ट से सामने आए एक चौंकाने वाले मामले ने पूरे बैंकिंग सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। चेस्ट के भीतर 17 करोड़ रुपये से अधिक के नकली नोट मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद स्थानीय पुलिस के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विशेष टीमें सक्रिय हो गई हैं। मंगलवार देर शाम तक बैंक में सघन पड़ताल चली और अब जांच एजेंसियों का पूरा ध्यान इस बात पर टिका है कि इतनी भारी मात्रा में जाली नोट बैंकिंग प्रणाली में घुसाए कैसे गए।सिस्टम की मजबूत कड़ियों को भेदकर चेस्ट तक कैसे पहुंचे जाली नोट?

करेंसी चेस्ट में नकदी जमा करने के लिए एक बेहद सख्त और बहुस्तरीय प्रक्रिया निर्धारित होती है। चेस्ट में पहुंचने वाली रकम की गिनती, छंटाई और तकनीकी मशीनों से सत्यापन के बाद ही बंडल बनाकर रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है।




# मेरे हाथ-पांव में बेड़ियां डालकर ले जाए यूपी पुलिस

**शामली (आरएनएस)।** हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड में दो आरोपियों के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद यूपी पुलिस की कार्रवाई का खौफ अब हरियाणा के गैंगस्टरों में भी दिखाई दे रहा है। हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता के रूप में सामने आए करनाल जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर राकेश कादियान उर्फ पम्पू ने कोर्ट में ऐसी अर्जी लगाई है, जिसने सबका ध्यान खींचा है।शामली पुलिस द्वारा बी वारंट के जरिए राकेश कादियान को अपनी कस्टडी में लेने की तैयारी के बीच गैंगस्टर ने कोर्ट से मांग की है कि उसे बेड़ियों में जकड़कर ही यूपी पुलिस के हवाले किया जाए। साथ ही उसने मांग की है कि यूपी पुलिस की कस्टडी में रहने के दौरान हर एक मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाए। उसका कहना है कि इससे पुलिस उसके फरार होने या एनकाउंटर की कहानी नहीं बना सकेगी। राकेश कादियान उर्फ पम्पू हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है और कुख्यात अपराधी बताया जाता है। वह करीब 16 साल से अपराध की दुनिया में सक्रिय है और अपना पम्पू गैंग चलाता है। पुलिस के मुताबिक उसके संबंध लॉरेंस बिश्नोई और गोगी गैंग से भी बताए जाते हैं।

**अंकित मर्डर में एनकाउंटर के डर से सहमा गैंगस्टर**



अंकित बालियान हत्याकांड में शामिल दो कथित शूटरों सुमित और मोहित को शामली पुलिस और यूपी एसटीएफ पहले ही मुठभेड़ में मार गिरा चुकी है। इसके बाद पम्पू समेत अन्य आरोपियों में पुलिस कार्रवाई को लेकर डर का माहौल बताया जा रहा है।

शामली में 26 अगस्त की शाम हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद गोगी गैंग के राहुल उर्फ भोलू शाहपुरिया ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट डाली थी। मामले के खुलासे के लिए शामली पुलिस के साथ यूपी एसटीएफ की टीम को भी लगाया गया था। इसी कार्रवाई के दौरान सोमवार सुबह पुलिस और एसटीएफ ने कथित तौर पर हत्याकांड में शामिल दो शूटरों सुमित और मोहित को मुठभेड़ में मार गिराया।

## दिशा सालियान मौत मामला : बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी जांच, पिता का बयान दर्ज करने का आदेश



**मुंबई (आरएनएस)।** दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत का मामला एक बार फिर चर्चा में है। करीब छह साल पुराने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अब बड़ा फैसला सुनाते हुए जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही दिशा के पिता सतीश सालियान का बयान दर्ज करने को भी कहा गया है। दरअसल, दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी बेटी की मौत की नए सिरे से जांच की मांग की थी। उनकी मांग थी कि मामले में एफआईआर दर्ज की जाए और जांच सीबीआई को सौंपी जाए। उनका आरोप है कि दिशा की मौत सामान्य तरीके से नहीं हुई थी और मामले की पहले हुई जांच में कई सवालों का सही जवाब नहीं मिला। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अब सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया है।

एडवोकेट नीलेश ओझा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब सीबीआई इस मामले में एफआईआर दर्ज करेगी और जांच आगे बढ़ाएगी। इसके लिए सीनियर अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। दिशा के पिता का बयान भी दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा पहले की जांच से जुड़े रिकॉर्ड भी सीबीआई को सौंपे जाएंगे, ताकि एजेंसी मामले की शुरूआत से जांच कर सके।



केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बेलग्रेड में सर्बिया गणराज्य की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष (स्पीकर) एना ब्रनाबिक से मुलाकात की।

## 11 सदस्यों वाली बचाव टीम और 5.5 टन मानवीय सहायता लेकर पांचवां विमान रवाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद भारत की ओर से मदद लगातार जारी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को बताया कि नेपाल के लिए भारत का पांचवां राहत विमान रवाना हो गया है। यह विमान 11 सदस्यीय बचाव दल, विशेष बचाव उपकरणों और 5.5 टन जरूरी दवाइयों के साथ नेपाल भेजा गया है।

**भारत की नेपाल को मदद जारी**

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर लिखा, नेपाल के लिए भारत का पांचवां विमान रवाना हो गया है। इसमें 11 सदस्यीय बचाव दल, विशेष उपकरण और 5.5 टन जरूरी दवाइयां भेजी जा रही हैं।

नेपाल की मदद के लिए भारत अब तक 68 टन से अधिक राहत सामग्री और विशेष बचाव दल भेज चुका है। भेजी गई राहत सामग्री में कंबल, स्लीपिंग बैग, मजबूत तिरपाल, प्लास्टिक शीट और हाइजीन किट शामिल हैं। इसके अलावा जरूरी दवाइयां, खाद्य पैकेट, सोलर लैंप, पानी शुद्ध करने की गोलियां और पोर्टेबल जनरेटर भी भेजे गए हैं।

इससे पहले मंगलवार को नेपाल के अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या एक हजार से अधिक हो गई है। अलग-अलग जिलों में नदियों के किनारे लगातार शव मिलने के कारण यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है।

नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीआरआरएमए) के अनुसार, अब तक 1003 शव बरामद किए जा चुके हैं। सबसे ज्यादा 321 शव चितवन जिले में मिले हैं, जबकि 216 शव नवलपरासी पूर्व जिले में बरामद हुए हैं।

नेपाल पुलिस के अनुसार, 4,606 लोग अब भी लापता हैं, जिनमें 583 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। इससे आशंका है कि मृतकों की संख्या आगे और बढ़ सकती है।

नेपाल सरकार ने बताया कि रसुवा और नुवाकोट जिलों में भोटेकोशी और त्रिशूली नदी क्षेत्र की जलविद्युत परियोजनाओं में लापता लोगों की तलाश लगातार जारी है। नेपाल सरकार के अनुरोध पर भारत और चीन ने जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे लोगों की खोज और बचाव में मदद के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीमें भेजी हैं।



इस बीच, भारत की 19 सदस्यीय फोरेंसिक टीम ने नेपाल के विशेषज्ञों के साथ मिलकर डीएनए नमूनों की जांच शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान करने में नेपाल की मदद करना है, ताकि प्रभावित परिवारों को सही जानकारी दी जा सके और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा सके।

**बड़ा फैसला** | 17 सितंबर को अगली सुनवाई

# ओबीसी क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, केंद्र को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ओबीसी में क्रीमी लेयर के आरक्षण से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फिलहाल कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की स्पष्टीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों को 17 सितंबर 2026 तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई भी 17 सितंबर को होगी।

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने मामले की सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने पिछले आदेश के क्रियान्वयन को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था और व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने फिलहाल आदेश के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को दिए अपने फैसले में कहा था कि ह्क्कष्ट क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता की आय या मासिक वेतन के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए माता-पिता का पद, सामाजिक स्थिति और नौकरी की श्रेणी जैसे अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखना होगा।

अदालत के इस फैसले के मुताबिक, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के बच्चों को केवल अधिक वेतन के आधार पर ह्क्कष्ट आरक्षण के लाभ से बाहर नहीं किया जा सकता।



केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में स्पष्टीकरण याचिका दाखिल कर फैसले को लागू करने में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों का जिक्र किया है। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि फैसले का असर क्कस्ष्ट परीक्षा 2025 की प्रक्रिया पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि क्कस्ष्ट द्वारा अनुशंसित 958 उम्मीदवारों के सर्विस एलोकेशन की प्रक्रिया पुराने नियमों के आधार पर अंतिम चरण में थी। यदि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पिछली तारीख से लागू किया गया तो पूरी मेरिट लिस्ट, कैडर आवंटन और ट्रेनिंग प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इससे ढ्ढस् और ढ्ढक्कस् समेत अन्य सेवाओं के कैडर आवंटन पर भी असर पड़ने की आशंका जताई गई है।

केंद्र ने यह भी बताया कि फैसले का प्रभाव केंद्र सरकार की भर्तियों के अलावा 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही भर्ती प्रक्रियाओं पर पड़ सकता है। इसके साथ ही उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया भी प्रभावित होने की बात सरकार ने अदालत के सामने रखी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की चिंताओं को सुनने के बावजूद फिलहाल अपने आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब सभी पक्षों को 17 सितंबर तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। इसी दिन मामले की अगली सुनवाई होगी।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### डीएसपी गुरशेर संधू की बर्खास्तगी रद्द, हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के डीएसपी गुरशेर संधू को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी सेवा से बर्खास्तगी का आदेश रद्द कर दिया है। इसके साथ ही उनकी पुलिस सेवा में वापसी का रास्ता साफ हो गया है। पंजाब सरकार ने दो जनवरी, 2025 को संधू को सेवा से बर्खास्त किया था। यह कार्रवाई गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खरड़ स्थित सीआइए परिसर में हुए साक्षात्कार के मामले में की गई थी।




बाद में संधू के खिलाफ फिरौती और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले भी दर्ज किए गए थे। संधू ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती दी थी। उनका कहना था कि साक्षात्कार प्रकरण में उन्हें अनुचित तरीके से जिम्मेदार ठहराया गया और पूरे मामले में बलि का बकरा बनाया गया। याचिका में उन्होंने बताया था कि बिश्नोई को पंजाब लाए जाने के बाद से ही वह एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की हिरासत में था। खरड़ के सीआइए परिसर में भी उसकी कस्टडी एजीटीएफ के पास थी। ऐसे में साक्षात्कार के लिए उन्हें सीधे जिम्मेदार ठहराकर सेवा से बर्खास्त करना उचित नहीं था। संधू ने अपनी याचिका में यह भी कहा था कि बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई से पहले उनका पक्ष उचित रूप से नहीं सुना गया। उन्होंने इसी आधार पर सरकार के आदेश को चुनौती दी थी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक हाई कोर्ट का विस्तृत आदेश जारी नहीं हुआ ।

### यमुना में सेना की मोटर बोट पलटी, एक-दो जवानों के लापता होने की आशंका; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**चंडीगढ़/शिमला (आरएनएस)।** हरियाणा-हिमाचल सीमा पर हथनीकुंड बैराज क्षेत्र में सेना की एक्सरसाइज के दौरान यमुना नदी में बड़ा हादसा हो गया। बाढ़ बचाव की प्रैक्टिस के दौरान सेना की मोटर बोट नदी के डेंजर जोन में चली गई और तेज बहाव के बीच पलटकर पानी में डूब गई। हादसे के बाद एक से दो जवानों के लापता होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हथनीकुंड बैराज क्षेत्र में सेना की वन पैरा स्पेशल फोर्स के जवान बाढ़ बचाव से संबंधित अभ्यास कर रहे थे। इसी दौरान मोटर बोट यमुना नदी के तेज बहाव वाले डेंजर जोन में पहुंच गई। तेज धारा के कारण नाव असंतुलित होकर पलट गई और पानी में डूब गई। हादसे के बाद कुछ जवान नदी में फंस गए। हादसे के बाद तीन जवानों के करीब 600 मीटर तक तैरकर सुरक्षित बाहर निकलने की जानकारी सामने आई है। वहीं, एक जवान के तेज बहाव में बह जाने की सूचना है। कुछ प्रारंभिक जानकारी में एक से दो जवानों के लापता होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, हादसे में कुल कितने जवान प्रभावित हुए हैं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। यमुनानगर एसडीआरएफ समेत अन्य रेस्क्यू टीमों को भी सर्च ऑपरेशन में लगाया गया। काफी प्रयास के बाद सेना की डूबी हुई मोटर बोट को नदी से बाहर निकाल लिया गया।



हालांकि, लापता जवान की तलाश अभी भी जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मोटर बोट डेंजर जोन में कैसे पहुंची और हादसे की वास्तविक वजह क्या थी। नदी में तेज बहाव के कारण रेस्क्यू टीमों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतापनगर पुलिस ने मामले को देश की सुरक्षा से जुड़ा बताते हुए विस्तृत जानकारी देने से इनकार किया है। अधिकारियों की ओर से हादसे में प्रभावित जवानों की संख्या और लापता जवानों की स्थिति को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। फिलहाल सेना, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

# उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा)।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने आज साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं एवं उद्यमियों की समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया तथा उनके शीघ्र समाधान का अनुरोध किया गया।

उद्यमियों द्वारा बृज विहार पुलिया के निर्माणाधीन कार्य, औद्योगिक क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण, अतिक्रमण हटाए जाने के बाद पुनः अवैध कब्जा किए जाने, सड़कों के पुनर्निर्माण एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के रखरखाव, गैस एजेंसी के समीप अवैध रूप से निर्मित दुकान तथा नगर निगम के कूड़ा स्थल से संबंधित समस्याएं

जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान ' बृज विहार पुलिया का कार्य 15 दिन में पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने बृज विहार पुलिया के निर्माणाधीन कार्य के संबंध में संबंधित अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिया का शेष कार्य 15 दिन के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित



समयावधि में कार्य पूर्ण कराने दिए दिशा निर्देश जिन सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाना आवश्यक है, उनके संबंध में संबंधित उच्चाधिकारी से वार्ता करते हुए शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए।

**अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश**

जिलाधिकारी ने क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम, पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम को निर्देशित किया कि क्षेत्र में किए जा रहे अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी स्थान से अतिक्रमण हटाए जाने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा पुनः अवैध कब्जा किया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण हटने के बाद दोबारा कब्जा होने की स्थिति में संबंधित क्षेत्र के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।वहु गैस एजेंसी के समीप अवैध रूप से निर्मित दुकान के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नगर निगम के कूड़ा स्थल के संबंध में भी जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि इस विषय में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए उद्यमियों ने जिलाधिकारी द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की सराहना की।

# जनपद में 04 सितम्बर तक भारी वर्षा एवं वज्रपात का येलो अलर्ट, आमजन से सावधानी बरतने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अंजनी कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम अवगत कराया कि मौसम विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद में 01 सितम्बर से संभावित भारी वर्षा, वज्रपात का जोर आरम्भ होकर 04 सितम्बर तक येलो अलर्ट जारी रहने की संभावना व्यक्त की गई है, ऐसी स्थिति में आम जनमानस से अनुरोध,अपील है कि कृपया वज्रपात,भारी वर्षा के दौरान निम्न उपाय सावधानियां अपनाएं:- पुराने जर्जर भवनों, कच्ची दीवारों से सावधान रहें। रेडियो, टेलीविजन,सोशल मीडिया के माध्यम से निरंतर जानकारी प्राप्त करते रहें। अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। धातु की डंडी वाले छाते का उपयोग न करें(विद्युत तार, विद्युत पोल के नीचे अथवा आसपास न खड़े हों। निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले टीन शैड आदि को मजबूती से बांधकर रखें तथा उनसे पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि के दौरान अनावश्यक यात्रा करने से बचें।, इस दौरान पेड़ों आदि के नीचे शरण ना लें। कृषक भारी वर्षा,ओलावृष्टि के दौरान खेतों पर न जाएं।

# लेखपाल सिद्धार्थ कौशिक से मारपीट के विरोध में लेखपाल संघ का आक्रोश, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, जनपद गाजियाबाद ने लेखपाल सिद्धार्थ कौशिक के साथ कथित मारपीट और जानलेवा हमले की घटनाओं को लेकर कड़ा विरोध जताया है। संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है

ज्ञापन के अनुसार सिद्धार्थ कौशिक तहसील सदर में लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं। संघ का आरोप है कि कचहरी परिसर में उनके साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई और उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया। मामले को लेकर लेखपाल संघ के पदाधिकारियों में भारी नाराजगी है। दस्तावेज में पूर्व की घटना के



संबंध में दर्ज एफआईआर का भी उल्लेख है। एफआईआर में सिद्धार्थ कौशिक की शिकायत पर हर्ष शर्मा सहित अन्य लोगों पर मारपीट और गाली-गलौज के आरोप दर्ज होने का विवरण है

लेखपाल संघ ने मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कानूनी कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। साथ ही, कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाए जाएं।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो जनपद के लेखपालों में आंदोलन को लेकर आक्रोश बढ़ सकता है और कर्मचारी कार्य से विरत रहकर धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपना सकते हैं।

लेखपाल संघ ने प्रशासन से कर्मचारियों की सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष एवं सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# लखनऊ में भाजपा के वरिष्ठ नेता रिजवान मीर ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से लिया विशेष मार्गदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रिजवान मीर ने आज लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री माननीय पंकज चौधरी से मुलाकात कर उनका विशेष स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं व्यापक चर्चा हुई। रिजवान मीर ने कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिल रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद एक साधारण कार्यकर्ता के



रूप में उन्हें अपना बहुमूल्य समय दिया और संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। यह आत्मीयता और मार्गदर्शन उनके लिए अत्यंत सम्मान एवं प्रेरणा का विषय है। रिजवान मीर ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यक्ष ने अपने कीमती समय का एक बड़ा हिस्सा मुझे दिया और संगठन के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन किया। उनके इस स्नेह और विश्वास के लिए मैं आजीवन उनका ऋणी रहूंगा।ह्न राजनीतिक जानकारों के अनुसार, भाजपा में संगठनात्मक मजबूती के लिए वरिष्ठ नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिजवान मीर की यह मुलाकात भी संगठन के प्रति उनकी सक्रियता और नेतृत्व के प्रति विश्वास को दर्शाती है। लखनऊ में हुई इस आत्मीय मुलाकात ने एक बार फिर भाजपा की उस संगठनात्मक संस्कृति को मजबूत किया है, जिसमें कार्यकर्ता को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है।

# कैंपस से कॉरपोरेट तक करियर की नई उड़ान: लॉन्चपैड @ए.बी.ई.एस. पावर्ड बाय एच.सी.एल.टेक. कैरियर शेपर का भव्य शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शिक्षा और व्यावसायिक जगत के बीच की दूरी को पाटते हुए ए.बी.ई.एस. ने एच.सी.एल.टेक. कैरियर शेपर और नैसकॉम फ्यूचरस्किल्स प्राइम के सहयोग से 'लॉन्चपैड@ए.बी.ई.एस. पावर्ड बाय एच.सी.एल.टेक. कैरियर शेपर - इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड एकेडमिक प्रोग्राम' का भव्य शुभारंभ किया।

इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. के महासचिव शाश्वत गोयल ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से ए.बी.ई.एस. के 9,000 से अधिक छात्र-छात्राओं को कॉरपोरेट जगत के विशेषज्ञों के साथ जुड़कर सीखने और अपने कौशल को निखारने का व्यापक अवसर मिलेगा। ए.बी.ई.एस. के निदेशक प्रो. (डॉ.) आलोक चौहान ने बताया कि 'लॉन्चपैड @ए.बी.ई.एस. पावर्ड बाय एच.सी.एल.टेक. कैरियर शेपर को दो





प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है- डीप स्किलिंग एवं इंडस्ट्रियल इंटर्नशिप्स एंड प्रोजेक्ट्स। डीप स्किलिंग कार्यक्रम 315 घंटे का होगा, वहीं इंडस्ट्रियल इंटर्नशिप्स एंड प्रोजेक्ट्स 120 घंटे का प्रशिक्षण एवं परियोजना आधारित कार्यक्रम होगा। एच.सी.एल. टेक्नोलॉजी की कॉरपोरेट वाइस प्रेसिडेंट एवं ग्लोबल हेड, एडटेक बिजनेस, श्रीमती शिवाशंकर ने इस अवसर पर कहा कि लॉन्चपैड @ ए.बी.ई.एस. पावर्ड बाय एच.सी.एल.टेक. कैरियर शेपर, छात्रों को बदलती तकनीकी आवश्यकताओं से परिचित कराने और उन्हें प्रारंभिक स्तर से ही व्यावहारिक कौशल से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से छात्रों को कॉरपोरेट क्षेत्र की वास्तविक कार्यशैली को समझने का अवसर मिलेगा। वहीं नैसकॉम की प्रतिनिधि ने कहा कि यह पहल छात्रों में सीखने की निरंतर प्रवृत्ति, आत्मविश्वास और कार्य करने की क्षमता को मजबूत करने में सहायक होगी। ए.बी.ई.एस. और एच.सी.एल.टेक. कैरियर शेपर के बीच यह समझौता प्रारंभिक रूप से तीन वर्षों के लिए किया गया है। कार्यक्रम की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता के अनुसार इसकी अवधि एवं दायरे में विस्तार या परिवर्तन किया जा सकेगा।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ए.बी.ई.एस. के चेयरमैन नीरज गोयल ने सभी छात्र-छात्राओं को लॉन्चपैड @ए.बी.ई.एस. की इस नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल उनके कौशल विकास तथा उज्ज्वल करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. के सलाहकार अभय अग्रवाल, एच.सी.एल.टेक. कैरियर शेपर, नैसकॉम एवं ए.बी.ई.एस. के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हिंडन बैराज मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए जरूरी खबर है, यदि आप भी इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं, तो 1 महीने तक आपको अपना रूट बदलना पड़ेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्थित हिंडन बैराज पर सुरक्षा जाली की





पुनर्स्थापना (सेफ्टी मेष रेस्टोरेशन ) का कार्य शुरू कर दिया गया है। सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, बैराज का यह निरीक्षण मार्ग 1 सितंबर 2026 से 30 सितंबर 2026 तक पूरे 1 महीने के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा। विभाग ने मरम्मत कार्य के दौरान आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे जाम और किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों (अलटरनेट राउटस ) का इस्तेमाल करें। ताजा अपडेट्स और ट्रैफिक डायवर्जन की अधिक जानकारी के लिए जुड़े रहिए हमारे साथ।

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी आरडब्ल्यूए में चुनाव को लेकर घमासान, 6 सितंबर की जीबीएम स्थगित कराने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी, राकेश मार्ग में आरडब्ल्यूए के चुनाव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के इस्तीफे के बाद 6 सितंबर को प्रस्तावित जनरल बोर्ड मीटिंग (जीबीएम) को स्थगित कराने तथा स्वतंत्र चुनाव अधिकारी नियुक्त कराकर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग को लेकर सोसायटी निवासी गौरव बंसल ने बुधवार को प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। गौरव बंसल ने जिलाधिकारी के नाम शिकायत पत्र अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ज्योति मौर्या को सौंपा। इसके




बाद उन्होंने कमिश्नर कार्यालय, गाजियाबाद में जाकर शिकायत की प्रति अधिकारियों को दी। शिकायत की प्रतियां डिप्टी रजिस्ट्रार, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को भी भेजी गई हैं। इस दौरान दिनेश सिंह एवं रामसरण जग्गा भी उनके साथ रहे। शिकायत में कहा गया है कि गुलमोहर एन्क्लेव आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में वर्तमान कार्यकारिणी की वैधानिक स्थिति को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

# 05 सितम्बर को राजकीय आईटीआई मुरादनगर में रोजगार मेला, 100 से अधिक रिक्त पदों पर होगा चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गौतम घोष जिला सेवायोजन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिये जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 05.09.2026 को प्रातः 10:00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,, दिल्ली-मेरठ रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद के परिसर में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा 100 से अधिक रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार के माध्यम से चयन प्रक्रियां को पूर्ण किया जाएगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर, आई०टी०आई०,डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जायेगी। प्रतिभागी अभ्यर्थियों हेतु आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष एवं वेतनमान 12000 से 35000 रू० प्रतिमाह है। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने की प्रक्रिया निम्नलिखित है।

**पंजीकरण की प्रक्रिया:-**

इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट roj-gaarsangam. up.gov.in पर जाकर जॉब सीकर के रूप में स्वंय को पंजीकृत करेंगें। पंजीकरण के समय अभ्यर्थी को उसकी लॉग इन आई डी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा तत्पश्चात अभ्यर्थी प्राप्त आई डी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित फॉर्म भरेगें । अंतिम पृष्ठ को भरने के पश्चात जब अभ्यर्थी सबमिट करेंगें तो उन्हें पंजीकरण संख्या प्राप्त होगा। यह पंजीकरण संख्या तीन वर्ष तक मान्य होगा।

रोजगार मेलें में आवेदन की प्रक्रिया :- रोजगार हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट **rojgaarsangam. up.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त दिनांक 05.09.2026 को प्रातः 10:00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दिल्ली-मेरठ रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद में अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं बायो डाटा के साथ प्रतिभाग कर सकते है।

# मात्र 08 घंटे में हुआ वर्षो से चल रही समस्या का समाधान, मानों कोई चमत्कार ही हो गया हो: दिनेश कुमार जैन

**रविन्द्र कुमार मॉदड़ जैसा अधिकारी हर जनपद, हर विभाग में हो, हम ऐसी कामना करते हैं: जैन**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भूमि कब्जा, राजस्व विवाद, अवैध अतिक्रमण, सार्वजनिक सुविधाओं, पेंशन, राशन कार्ड, जलापूर्ति सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रार्थना



पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान किया जाए तथा निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए।इस क्रम में रामपुर निवासी दिनेश कुमार जैन एवं उनकी पत्नी विनीता जैन ने 01? सितम्बर 2026 को जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ को जनसुनवाई के दौरान एक शिकायती/प्रार्थना पत्र सौंपते हुए अवगत कराया कि उनकी पुत्री ने अटोर, गाजियाबाद में एक प्लाट लिया? है, जिस पर कुछ वर्षों पूर्व कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिसे कब्जा मुक्त कराने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल रही, जिससे की हम बहुत परेशान है। जिलाधिकारी ने उक्त पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीएम, एसएचओ व तहसीलदार की टीम गठित करते हुए नियमानुसार त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। श्री दिनेश कुमार जैन एवं उनकी पत्नी श्रीमती विनीता जैन ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद सम्बंधित अधिकारियों ने रात्रि 08 बजे तक हमारी शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवा दिया, प्लाट तो नहीं मिला लेकिन प्लाट के एवज उसकी वर्तमान कीमत का चैक हमें मिल गया।

**मांग** पत्र की प्रतिलिपि जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली को भी भेजी गई है

# एस.डी.ग्लोबल स्कूल की ओर से सोलर पैनल लगवाने के नाम पर अतिरिक्त शुल्क मांगने की निष्पक्ष जांच की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन फेडरेशन, गाजियाबाद ने दयानंद नगर स्थित एस.डी. ग्लोबल स्कूल द्वारा सोलर पैनल लगवाने के नाम पर अभिभावकों से अतिरिक्त शुल्क मांगे जाने के मामले में निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

फेडरेशन के महासचिव (प्रशासन) प्रीतम लाल ने बुधवार को जिलाधिकारी, गाजियाबाद के नाम संबोधित शिकायत पत्र अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ज्योति मौर्या को सौंपा। इस दौरान फेडरेशन के कोषाध्यक्ष महेश चंद गौतम भी मौजूद रहे फेडरेशन की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि विद्यालय द्वारा 31 अगस्त 2026 को जारी परिपत्र के माध्यम से सोलर पैनल लगवाने तथा परिसर में अन्य सुविधाओं के विकास के नाम पर अभिभावकों से जलवायु-अनुकूल परिसर विकास योगदान के रूप में ?7,500 की राशि मांगी गई है। विद्यालय की ओर से अभिभावकों को यह राशि ?625 प्रतिमाह 12 माह अथवा ?312.50 प्रतिमाह 24 माह में जमा करने के विकल्प दिए गए हैं। फेडरेशन ने मांग की है कि सोलर पैनल लगवाने के नाम पर अभिभावकों से इस अतिरिक्त राशि की मांग की वैधानिकता तथा शिक्षा



विभाग एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के लागू नियमों के अनुपालन की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में यह वसूली नियमों के विपरीत पाई जाती है तो अभिभावकों से ली गई राशि वापस कराई जाए तथा ऐसी वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए।

शिकायत में यह भी मांग की गई है कि किसी अभिभावक द्वारा इस मामले में शिकायत या आपत्ति दर्ज कराने पर उसे अथवा उसके बच्चे को किसी प्रकार का दबाव, प्रताड़ना या शैक्षणिक नुकसान न पहुंचाया जाए। पत्र की प्रतिलिपि जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली को भी भेजी गई है। फेडरेशन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, यदि जांच में नियमों का उल्लंघन अथवा अनियमितता सामने आती है तो विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है। आरडब्ल्यूए फेडरेशन गाजियाबाद के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने बताया कि फेडरेशन इस मामले में निष्पक्ष जांच और पारदर्शी कार्रवाई की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगवाने के नाम पर अभिभावकों से अतिरिक्त राशि मांगी गई है, इसलिए इसकी वैधानिकता और नियमों के अनुपालन की स्पष्ट जांच आवश्यक है। फेडरेशन ने जिलाधिकारी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने की अपील की है।

# बारिश ने खोली शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल, कई इलाकों में जलभराव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बुधवार तड़के से शुरू हुई बारिश के बाद सुबह तक शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई।थोड़ी देर की तेज बारिश में ही प्रमुख सड़कों और मोहल्लों में पानी भर गया।बारिश का पानी सड़कों पर जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोग पानी के बीच से होकर गुजरने को मजबूर रहे।

बुधवार सुबह बुद्धि विहार,फव्वारा चौक,कंपनी बाग,अशोक नगर, जेल रोड, बालाजी मंदिर रोड, बारादरी, मोहल्ला दर्जियान, झब्बू का नाला, किसरोल, मोहल्ला अंडेवालान, कांठ की पुलिया, लाल मस्जिद, फीलखाना और रेती मोहल्ले में जलभराव हो गया।इसके अलावा बुध बाजार,चौमुखा पुल, टाउन हॉल और नई सड़क समेत शहर के कई अन्य हिस्सों में भी सड़कें पानी से लबालब नजर आईं।कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़कों पर आने से स्थिति और गंभीर हो गई।जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई, जबकि पैदल राहगीरों को भी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। बारिश के बीच सड़कों पर पानी जमा होने से यातायात भी प्रभावित रहा। बारिश अभी जारी है और शहर के कई हिस्सों में सड़कें पानी से भरी हुई हैं। लोगों का कहना है कि हर बार बारिश के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।बुधवार की बारिश ने एक बार फिर नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।



झब्बू का नाला वारसी रोड पर जलभराव के बीच से गुजरती ई रिक्शा।

## बारिश के बीच करीब पौने दो घंटे गुल रही बिजली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के लालबाग क्षेत्र में बुधवार सुबह बारिश के दौरान करीब पौने दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दौलत बाग 33/11 केवी उपकेंद्र से जुड़ी 11 केवी लाइन में ट्रिपिंग आने के कारण सुबह 8:45 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई।

बारिश के बीच बिजली न होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। घरों में जरूरी कामकाज प्रभावित होने के साथ ही लोगों को उमस और अंधेरे के बीच परेशानी झेलनी पड़ी।विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी मिलने पर अनुरक्षण टीम ने मौके पर पहुंचकर लाइन की पेट्रोलिंग शुरू की और खराबी तलाशने का काम किया।

विभाग की टीम ने करीब पौने दो घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10:30 बजे बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। बिजली आते ही क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली आपूर्ति सामान्य होने के बाद लोगों ने अपने जरूरी काम निपटाए।





# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** बुधवार को नगर पालिका के सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन, लखनऊ से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण चेयरमैन राजपाल सैनी के नेतृत्व में देखा गया।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यूपी कोश के लोगो का अनावरण करते हुए निगम के पोर्टल एवं वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी विजय पाल सिंह ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के माध्यम से चयनित कार्मिकों को सुरक्षा कवच किट प्रदान की। उन्होंने सभी कार्मिकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि आज का दिन आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है।मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सुरक्षित, पारदर्शी एवं सम्मानजनक कार्य व्यवस्था का उपहार दिया गया है, जिसका लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने सभी कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, सभासद अजय पाल समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



नगर पालिका सभागार में लाइव प्रसारण देखते हुए

# शराब के ठेके के पास ईंट-पत्थरों से कुचलकर पॉलिश कारीगर की हत्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के सूर्यनगर में शराब के ठेके के पास 45 वर्षीय पॉलिश कारीगर की ईंट-पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी गई। मृतक मंगलवार सुबह घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह परिजनों को उसका शव शराब के ठेके के पास लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में तीन युवक मृतक के साथ मारपीट करते नजर आए। परिजनों ने फुटेज के आधार पर तीनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला के लाइनपार के सूर्यनगर निवासी सुरेश सैनी (45) पुत्र रामकुमार लाकड़ी फाजलपुर स्थित एक फैक्ट्री में पॉलिश का काम करते थे। परिवार में पत्नी शीला देवी, बड़ी बेटी महक, छोटी बेटी संगीता और बेटा सुशांत हैं।

### सीसीटीवी में तीन युवक दिखे, पत्नी ने तीनों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट





घटनास्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम। मृतक सुरेश सैनी का फाइल फोटो।

# स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** नगर स्थित नगर के एक विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव के अंतर्गत बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, वही बच्चों द्वारा दही हांडी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सभी का मन मोह लिया।

?बुधवार को नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एचएसएस पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व से पूर्व एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं राधा कृष्ण की झांकी तथा विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव के द्वारा फीता काटकर एवं भगवान श्री कृष्ण की आरती कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य आकर्षण दही हांडी प्रतियोगिता रहीं, जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। ऊंचाई पर बंधी दही हांडी को फोडने के लिए विद्यार्थियों ने एक दूसरे के कंधे पर चढ़कर मानव पिरामिड का निर्माण किया जैसे ही विद्यार्थियों ने दहीहंडी फोड़ी तो पूरा विद्यालय भगवान श्री कृष्ण की जय घोष से गूंज उठा। प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने सफल आयोजन के लिए स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दी प्रस्तुति

# फर्द खतौनी में हेरा फेरी पर महिला व अधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर की तैयारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के न्यायालय नायब तहसीलदार रहरा में चल रहे एक वाद के दौरान सरकारी अभिलेखों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

नायब तहसीलदार ने तहसील बार एसोसिएशन को पत्र जारी कर वादी महिला और उसके अधिवक्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी द्वारा दाखिल नामांतरण वाद में प्रस्तुत फर्द खतौनी गाटा संख्या 632/0.355 हे0 की जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि वादी पक्ष द्वारा पेश की गई खतौनी में से बैंक बंधक 3,35,000 ऋण संबंधी दर्ज प्रविष्टि को स्कैन करके हटा दिया गया था। जबकि भूलेख केंद्र से प्राप्त मूल खतौनी में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का बंधक दर्ज था।पत्रावली में दाखिल शपथ पत्र की पहचान एक अधिवक्ता द्वारा की गई थी। तहसील प्रशासन ने सरकारी कागजों में हेराफेरी को गंभीरता से लेते हुए वादी और अधिवक्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

# आठ साल पुराने आवश्यक वस्तु अधिनियम के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नागफनी थाने में वर्ष 2018 में दर्ज आवश्यक वस्तु अधिनियम और धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) मेरठ सेक्टर ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी श्मशान घाट रोड, गत्ता फैक्टरी के पीछे निवासी अविनाश कुमार पुत्र चरण सिंह सैनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। 28 अगस्त 2018 को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पश्चिम क्षेत्र,नगर मुरादाबाद बृजेश पाल की लिखित तहरीर पर नागफनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे में बंगला गांव निवासी नौसिन जकिया पत्नी स्माइल चौधरी को नामजद किया गया था। उसके खिलाफ धारा 420 भारतीय दंड संहिता और धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की प्रारंभिक विवेचना उपनिरीक्षक सोहनपाल सिंह ने की थी। विवेचना के दौरान आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 19 जून 2021 को आरोप पत्र संख्या 49/2021 न्यायालय में दाखिल किया गया था। बाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में मामले की विवेचना ईओडब्ल्यू मेरठ सेक्टर को सौंप दी गई। ईओडब्ल्यू के निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने विवेचना के दौरान मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 467, 468, 471 और 120बी तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी की बढ़ोतरी की।

# धूमधाम के साथ भक्तों द्वारा निकाली गई बांके बिहारी की प्रभात फेरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** श्रीराम सेवा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर बांके बिहारी लाल की प्रभात फेरी निकाली।प्रभात फेरी का नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, वही बांके बिहारी लाल के जयकारों से पूरा नगर बांके बिहारी लाल की भक्ति मय हो गया।

श्री कृष्ण सेवा समिति के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्री कृष्णा ढोल शोभा यात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बुधवार को चौथे दिन नगर के मुख्य मार्गों पर बांके बिहारी लाल की भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, प्रभात फेरी का शुभारंभ मोहल्ला कायस्थान स्थित अजय कुमार गुप्ता की आवास से हुआ और नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई नगर के रहरा मार्ग पर स्थित राजेंद्र वेद जी के आवास पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां बांके बिहारी जी 24 घंटे विश्राम करेंगे।प्रभात फेरी का नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।प्रभात फेरी में जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर,विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल,रूप किशोर सैनी, लोकेश चौहान, लखपत सैनी, पुनीत अग्रवाल,राजीव चौहान, राहुल शर्मा, पुनीत अग्रवाल, निखिल कश्यप, मोहित सुशील अग्रवाल, जय अग्रवाल, मनु अग्रवाल,काव्य चंद्र,संजीव शर्मा,सुनीता शर्मा, प्रमोद कुमार अग्रवाल, पंकज कुमार अग्रवाल, नयत अग्रवाल,सौरभ मित्तल, नेत्रपाल सैनी, अजय गुप्ता आदि भक्त मौजूद रहे।



बांके बिहारी के प्रभात फेरी में उपस्थित भक्त

**आरोप** | ऑनलाइन पढ़ाई के नाम पर औपचारिकता का आरोप, मुख्यमंत्री से फीस लौटाने और कार्रवाई की मांग

# स्कॉलर्स डेन पर दो साल की फीस लेकर कोचिंग बंद करने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और उनके अभिभावकों के सामने उस समय मुश्किल खड़ी हो गई, जब स्कॉलर्स डेन कोचिंग संस्थान पर दो वर्ष की फीस पहले ही लेने के बाद पढ़ाई बंद करने का आरोप लगा। नई तहसील के पास वासुदेव कॉम्प्लेक्स स्थित स्कॉलर्स डेन कोचिंग सेंटर के संचालक विवेक ठाकुर के खिलाफ संभल के चंदौसी निवासी अभिभावक संदीप कुमार पाठक ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मामले में हस्तक्षेप करते हुए फीस वापस कराने और संस्थान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चंदौसी की प्रगति बिहार कॉलोनी निवासी संदीप कुमार पाठक के मुताबिक उनका बेटा आदित्य नारायण पाठक मुरादाबाद में सेल्स टैक्स कार्यालय के सामने युवराज एन्क्लेव के फ्लैट नंबर 501-502 में संचालित स्कॉलर्स डेन कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहा था। शिकायत में कहा गया है कि प्रवेश के समय संस्थान के मालिक ने दो साल की फीस एकमुश्त जमा करा ली थी। यह रकम लाखों रुपये में बताई गई है।

**दो महीने से संस्थान बंद, ऑनलाइन पढ़ाई का दिया जा रहा हवाला**

मुरादाबाद। अभिभावक का आरोप है कि करीब दो महीने से कोचिंग सेंटर में नियमित कक्षाएं बंद हैं। संस्थान की ओर से छात्रों को बताया जा रहा है कि अब पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से कराई जाएगी। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऑनलाइन कक्षाओं से भी छात्रों को अपेक्षित शैक्षणिक लाभ नहीं मिल रहा है और पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**कई शिक्षकों के जाने से पढ़ाई प्रभावित होने का दावा**

मुरादाबाद। संदीप पाठक ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि संस्थान के करीब आठ प्रमुख शिक्षक नौकरी छोड़कर जा चुके हैं। उनके मुताबिक शिक्षकों के चले जाने और नियमित कक्षाएं बंद होने से छात्रों की तैयारी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ऐसे में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के सामने आगे की पढ़ाई को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**फीस वापसी नहीं होने से दूसरे संस्थान में प्रवेश की परेशानी**

मुरादाबाद। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने बेटे की बची हुई अवधि की फीस वापस मांगी, लेकिन रकम लौटाने को लेकर संस्थान की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

आरोप है कि फीस वापस न मिलने के कारण वह अपने बेटे का किसी अन्य कोचिंग संस्थान में दाखिला भी नहीं करा पा रहे हैं। इससे छात्र का शैक्षणिक सत्र प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क न बनने पर ग्रामीणों ने दी धरना-प्रदर्शन व पलायन की चेतावनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** विकासखंड गंगेश्वरी की ग्राम पंचायत रुखालू के ग्रामीणों ने रास्ते में जलभराव और कीचड़ की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को सम्बोधित प्रार्थना पत्र नायब तहसीलदार मनोज कुमार को सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 5 वर्षों से मुख्य रास्ते पर 2 से 3 फीट तक कीचड़ और गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लगभग 15 से 20 परिवारों के लोग अपने ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा बार-बार केवल आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि स्कूली बच्चे आए दिन नालों और कीचड़ में गिरकर घायल हो रहे हैं।परेशान ग्रामीणों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि यदि शीघ्र सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो वे जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।समाधान न होने पर ग्रामीणों ने गांव से पलायन करने और बच्चों को स्कूल न भेजने की चेतावनी दी है। शिकायती पत्र भेजने वालों में एडवोकेट अजब सिंह, लालमन, रोताश, विजेंद्र, सुंदर, जयपाल, देवी सहाय, देवेंद्र, जगवीर, चंद्रपाल, सतीश, परमा, सोमपाल, बाबू, होराम, डोरी, जगराम, हुकम, मुंशी, रामकेश, रामसरन, डालू, दिनेश, रूपचन्द,रवि शामिल रहे।



तहसील प्रांगण में प्रदर्शन करते ग्रामीण

### टीएमयू कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज 22 स्टूडेंट्स ने पाई नौकरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के ऑप्टोमेट्री स्टुडेंट्स ने जॉब के क्षेत्र में उड़ान भरी है।कैंपस में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित कंपनी लेंसकार्ट में ऑप्टोमेट्री के 22 स्टूडेंट्स का चयन हुआ है। चयनित स्टुडेंट्स में सर्वाधिक छात्राएं हैं। कंपनी की चयन प्रक्रिया में स्टूडेंट्स ने अपनी विषयगत समझ, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल और पेशेवर दृष्टिकोण का प्रभावी प्रदर्शन किया।चयन यूनिवर्सिटी में उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप दी जा रही शिक्षा और कौशल विकास का प्रमाण है। कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर- सीआरसी के निदेशक अरुण कुमार ने कहा लेंसकार्ट सरीखी कंपनी की ओर से इन स्टूडेंट्स का चयन टीएमयू के उद्योगों मुखी शैक्षणिक माहौल को दशार्ता है।कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा, हमारे इन स्टूडेंट्स का प्रतिष्ठित संस्था में चयन उनके निरंतर परिश्रम, विषयगत ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण का परिणाम है। हमारा कॉलेज स्टूडेंट्स को केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक कार्यक्षेत्र की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। लेंसकार्ट की मानव संसाधन-एचआर प्रतिनिधि दीक्षा शर्मा ने टीएमयू स्टुडेंट्स के प्रदर्शन पर बोलीं, यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स में विषय की गहरी समझ, सीखने की तीव्र क्षमता और पेशेवर एप्रोच है।



### बारिश के बीच करीब पौने दो घंटे गुल रही बिजली, आपूर्ति बहाल होने पर मिली राहत

**मुरादाबाद।** शहर के लालबाग क्षेत्र में बुधवार सुबह बारिश के दौरान करीब पौने दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दौलत बाग 33/11 केवी उपकेंद्र से जुड़ी 11 केवी लाइन में ट्रिपिंग आने के कारण सुबह 8:45 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई।बारिश के बीच बिजली न होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। घरों में जरूरी कामकाज प्रभावित होने के साथ ही लोगों को उमस और अंधेरे के बीच परेशानी झेलनी पड़ी।विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी मिलने पर अनुरक्षण टीम ने मौके पर पहुंचकर लाइन की पेट्रोलिंग शुरू की और खराबी तलाशने का काम किया।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम ब्रजेश कुमार पुत्र शान्ति सिंह दर्ज हैं। यहीं मेरा वास्तविक नाम है लेकिन कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम ब्रजेश कुमार चौहान पुत्र शांति सिंह चौहान हो गया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**ब्रजेश कुमार पुत्र शान्ति सिंह**
**खेकल्लापुर,पोस्ट टांडा अफजल,तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद है।**





## बूथ समितियों के सत्यापन पर भाजपा ने बनाई कार्ययोजना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** ब्लॉक परिसर शाहबाद में बुधवार को नगर मंडल शाहबाद की मंडल कार्यसमिति एवं बूथ समिति सत्यापन को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रवासी विकास दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।बैठक में मंडल समिति एवं बूथ संयोजकों का सत्यापन किया गया। साथ ही बूथ समितियों के सत्यापन को लेकर आगामी कार्ययोजना तैयार की गई।

पदाधिकारियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और कार्यकताओं को सक्रियता के साथ जिम्मेदारियां निभाने पर जोर दिया। इस दौरान काशीराम दिवाकर, संजय चौधरी, महेश चंद्रवंशी, नरेंद्र ठाकुर,अमित चंद्रवंशी, विमल जोशी,अर्पित वशिष्ठ, अनुभव शर्मा, गौरव भटनागर, हरप्रसाद लोधी, एडवोकेट रोहित, ध्रुव समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ इंस्पेक्टर से सेवानिवृत्त होकर पैतृक गांव पहुंचे हरिशंकर शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सीआरपीएफ में लंबे समय तक देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए हरिशंकर शर्मा के अपने पैतृक गांव दनियांपुर, तहसील सदर, जिला रामपुर पहुंचने पर समस्त क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी के

### क्षेत्रवसियों ने किया जोरदार स्वागत

साथ स्वागत किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

इस दौरान हरिशंकर शर्मा भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि जिस जन्मभूमि से मैंने अपने जीवन और नौकरी की शुरूआत की थी, आज सेवानिवृत्ति के बाद उसी स्थान पर लौटकर मुझे बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की मिट्टी से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। उनकी माता पिता जी की अनेक यादें भी इसी गांव और इसी स्थान से जुड़ी हुई हैं। हरिशंकर शर्मा ने कहा कि नौकरी के दौरान परिस्थितियों के चलते वह शहर में रहने लगे, लेकिन अपनी जन्मभूमि और गांव से उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ। कहा कि इंसान चाहे जीवन में कितनी भी ऊंचाइयां हासिल कर ले और कहीं भी रहने लगे, लेकिन अपनी जन्मभूमि की मिट्टी और वहां बिताए बचपन की यादें हमेशा उसके दिल में रहती हैं।सेवानिवृत्ति के बाद गांव पहुंचकर



इंस्पेक्टर के साथ मौजूद परिजन

उन्होंने अपनी जन्मभूमि को नमन किया और पुराने परिचितों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर पुरानी यादों को ताजा किया। उनके गांव लौटने पर क्षेत्रवासियों में भी खुशी का माहौल रहा।

ग्रामीणों ने कहा कि हरिशंकर शर्मा ने सीआरपीएफ में रहकर देश की सेवा की और अब उनका गांव लौटना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।भतीजे आशीष शर्मा ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा और देश सेवा युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर गांव के लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखी एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की।

हरिशंकर शर्मा ने भी सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांववासियों का यह स्नेह और सम्मान उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मृतक की पत्नी ने दर्ज कराए बयान, 15 सितम्बर को होगी अगली सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** फारूख हत्याकांड में मृतक की पत्नी ने बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में अपने बयान दर्ज कराएं।अगली सुनवाई 15 सितम्बर को होगी। 26 फरवरी 2026 में जिला पंचायत में फारूख अधिवक्ता, बाबू असगर अली की बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जोकि मामला हाथापाई तक पहुंच गई थी। इसी बीच जिला पंचायत के बाबू असगर अली ने अधिवक्ता फारूख अहमद को गोली मारकर घायल कर दिया था। आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में मृतक की पत्नी निशा गौसिया ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई सेशन न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस ने विवेचना के बाद वादी समेत 50 गवाहों की सूची न्यायालय में दाखिल कर दी है। प्रभारी डीजीसी नवनीत कश्यप ने बताया आरोपी असगर अली पर न्यायालय में आरोप तय हो चुके है मुकदमा ट्रायल पर है। बुधवार को मृतक की पत्नी में न्यायालय में हाजिर होकर बयान दर्ज कराए। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 सितम्बर को होगी।

### किसानों के खेतों में पानी घुसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से सैदनगर क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी घुसा आया।प्राणपुर के नजदीक सेफ हैंड्स स्कूल के चारों ओर पानी से घिर गया। कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से रामपुर तोपखाना से प्राणपुर जाने वाले मार्ग पर तीन जगह सड़क पर उतरा पानी गया, जिससे लोगों का आवागमन रुक गया है। क्षेत्र का भ्रमण कर चमरौआ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे एवं रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की।



बढ़ते हुए पानी को देखते जिला पंचायत सदस्य एवं ग्रामीण

साथ ही पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को फोन पर सूचना दी। और प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाने का अनुरोध किया है। उन्होंने सिंचाई विभाग के द्वारा क्षेत्र की अनदेखी और कोई सुरक्षा व्यवस्था न करने का भी आरोप लगाया है।

### बूथों को मजबूत करने में जुटेंगे भाजपा कार्यकर्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भोट।** भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए कार्यकताओं ने कमर कस ली है। बुधवार को चमरव्वा मंडल के भाजपा कार्यकताओं की बैठक भोट कस्बा स्थित शिव मंदिर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मंडल कार्यसमिति के सत्यापन तथा पदाधिकारियों के प्रवास के दौरान बूथ समितियों के सत्यापन को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



भोट में आयोजित बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सौरभ पाल सिंह।

बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर सौरभ पाल सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती की नींव बूथ स्तर से तैयार होती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने शक्ति केंद्रों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत मंडल पदाधिकारियों को शक्ति केंद्रों पर बूथ समितियों के सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि बूथ समितियों को सक्रिय करने के साथ ही कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जा सके।बैठक में कांता प्रसाद, राजकिशोर सैनी, दिनेश पाल, सुरेश राजपूत, लालता प्रसाद, सुनील कुमार, सतीश दिवाकर, पूरन लाल लोधी, सुंदर लाल और जमुना प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) ने एसडीएम को विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) की पंचायत बुधवार को निरीक्षण भवन में आयोजित की।पंचायत में किसानों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। पंचायत के बाद किसानों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी आदेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।किसानों ने बताया कि भगवतीपुर, नादरगंज, खंजीपुरा,अहमदनगर समेत कई गांवों में लगातार हुई बारिश से उड़द की



ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) के पदाधिकारी

फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

किसानों ने प्रभावित क्षेत्रों में फसलों का सर्वे कराकर शासन से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। अलावा किसान-मजदूर परिवारों के राशन कार्ड बनवाने के लिए गांवों में सर्वे कराने तथा क्षेत्र में बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक दवाओं का छिड़काव कराने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।प्रशासन जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को राहत उपलब्ध कराए।इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खान, विद्या रामपाल, शकील अहमद, महिपाल सिंह, अफसर अली, झंडू सिंह, रामचरण सिंह, सुमित यादव, राजपाल सिंह मौर्य, दानी सागर, नन्हे मलिक, अनवर अली, सती सागर, निसार अहमद समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सफाई कर्मी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते: आकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आउटसोर्स कर्मचारियों को बेहतर पारिश्रमिक, सेवा संबंधी सुविधाएं और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का विधिवत

### जनपद में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सना खानम, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में लाइव प्रसारण देखा।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के लोगो का अनावरण, वेबसाइट एवं पोर्टल के शुभारंभ के साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों के बढ़े हुए पारिश्रमिक तथा उन्हें मिलने वाली अन्य



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं कर्मचारी

सुविधाओं की जानकारी दी गई।इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन से आउटसोर्स कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा मिलेगी।कहा कि सफाई कर्मी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके हितों का ध्यान रखने से उन्हें बेहतर कार्य वातावरण और नई दिशा मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मियों को सफाई किट वितरित की गई। साथ ही श्रम विभाग की भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थी बच्चों के लिए 25-25 हजार रुपये की एफडी उनके अभिभावकों को प्रदान की गई।एफडी प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में कमल सिंह की पुत्री प्रियांशी, अजय कुमार की पुत्री आराध्या, फराहा की पुत्री ईरम, किरण पाल की पुत्री कनक तथा हरि शंकर की पुत्री पूर्वी शामिल हैं।कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी समस्त विभागों के आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे।

## डूंगरपुर मामले में बचाव पक्ष की हुई गवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** डूंगरपुर मामले में बुधवार को स्पेशल न्यायालय एमपी-एमएलए सेशन में थाना गंज के डूंगरपुर मामले में बचाव पक्ष की ओर से सपा नेता आजम खां के अधिवक्ता ने गुल्लू खां की गवाही कराई। इस मामले में अगली सुनवाई 5 सितम्बर को होगी। जबकि मजिस्ट्रेट न्यायालय में विचाराधीन मामले में हेड स्पीच में एफआईआर लेखक से जिरह हुई। थाना गंज में वर्ष 2019 में डूंगरपुर मामले में 11 मुकदमे दर्ज कराए गए थे। जिसमें आरोप था कि पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर सीओ सिटी आले हसन, दरोगा फिरोज खां, अजहर अहमद खां, ओमेंद्र चौहान, मसूद गुड्डू, रानू खां, फसाहत अली खां शानू ने एक राय होकर घर घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर कई अफसरों समेत सपा नेताओं को आरोपी बनाकर चार्जशीट दाखिल की। डूंगरपुर के 6 मुकदमों में फैसला सुनाया जा चुका है। जिसमें आजम खां, आले हसन, जल निगम अधिकारी, फसाहत अली खां शानू को बरी किया जा चुका है। जबकि दो मामले में आजम खां, अजहर अहमद खां, बरकत अली ठेकेदार को सजा सुनाई जा चुकी है। यह सभी आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत हो चुकी है। शेष 5 मामलों की सुनवाई न्यायालय में विचाराधीन है। बुधवार को बचाव पक्ष की ओर से गुल्लू खां ने बयान दर्ज कराए।

**भड़काऊ भाषण में एफआईआर लेखक से जिरह जारी**

## रबी सीजन के लिए किसानों को नि:शुल्क मिलेगा दलहन-तिलहन बीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद के किसानों के लिए रबी सीजन 2026-27 में राज्य सरकार की ओर से निःशुल्क दलहन एवं तिलहन बीज उपलब्ध कराया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को चना, मटर, मसूर और तोरिया के बीज मिनीकिट-सामान्य बीज निःशुल्क दिए जाएंगे। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसानों को कृषि दर्शन पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग-आवेदन करना अनिवार्य है। बुकिंग की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है।

बताया कि यदि उपलब्ध बीज की मात्रा से अधिक किसानों द्वारा

### 30 सितंबर तक कृषि दर्शन पोर्टल पर कर सकेंगे ऑनलाइन बुकिंग

आवेदन किया जाता है तो लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। ई-लॉटरी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी तरीके से कराई जाएगी।

रबी सीजन के लिए चना बीज मिनीकिट 8 कुंतल, मटर बीज मिनीकिट 50 कुंतल, मसूर बीज मिनीकिट 20 कुंतल, तोरिया सामान्य बीज 3 कुंतल और तोरिया बीज मिनीकिट 5 कुंतल उपलब्ध कराया गया है।ऑनलाइन बुकिंग करने वाले चयनित किसानों को जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से सत्यापन के बाद बीज उपलब्ध कराया जाएगा।यदि किसी किसान को ऑनलाइन बुकिंग करने में परेशानी हो रही है तो वह अपने नजदीकी राजकीय कृषि बीज भंडार पर जाकर बुकिंग करा सकता है। बुकिंग से जुड़ी जानकारी के लिए 8433179134 एवं 8650115672 मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क बीज योजना का लाभ लेने के लिए समय से आवेदन करें और रबी फसलों की बुवाई के लिए उपलब्ध बीज का लाभ उठाएं।

## मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता का आधार:श्वेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को संतोषी माता मंदिर सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा कि समाधि पर भारतीय जनता पार्टी नया गंज मंडल की बैठक में 108 बूथ अध्यक्ष एवं 18 शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई।बैठक में मुख्य अतिथि श्वेता शर्मा ने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता का आधार है और प्रत्येक बूथ तक संगठन की सक्रियता तय करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक अपनी तैयारियां तेज करने को कहा। मंडल के शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।मंडल के सभी पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक एवं पदाधिकारी को अगले तीन दिनों तक अपने-अपने शक्ति केंद्र और बूथ अध्यक्षों की समीक्षा करेंगे।कार्यक्रम की संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता नदीम खान ने किया बैठक की अध्यक्षता कमल कुमार तुरैहा ने की। बैठक में पवन कश्यप, सार्थक, कमल तुरैहा,रवि खत्री,प्रदीप रावत, परवेज खान, हीरालाल बरवार, महेंद्र सक्सेना, राजीव सक्सेना, जितेंद्र बरनबाल, रविंद्र शर्मा, एसके अग्रवाल, रनजे माली, आदि लोग उपस्थित थे।



बैठक को संबोधित करती मुख्य अतिथि

## विहिप नगर अध्यक्ष बनने पर विनोद चंद्रवंशी का स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप)





शाहबाद में बुके देकर विनोद चंद्रवंशी का स्वागत करते विवेक पांडेय व अन्य।

के नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर विनोद चंद्रवंशी का तहसील परिसर में स्वागत किया गया। उनके नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं और परिचितों ने खुशी जताते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान गन्ना समिति के चेयरमैन विवेक पांडेय, अधिवक्ता आशुतोष पाठक और स्टांप विक्रेता कन्हैया लाल शर्मा ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। विवेक पाण्डेय ने उम्मीद जताई कि वह संगठन की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस पर विनोद चंद्रवंशी ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से मिली जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

## 127 अंकों के साथ आईजीआरएस में फिर रामपुर प्रथम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के तहत जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में जनपद ने एक बार फिर पूरे प्रदेश में अपनी बादशाहत साबित की

### अगस्त में 85.58 प्रतिशत फरियादियों ने माना समाधान, 4985 फीडबैक में से 4266 लोग रहे संतुष्ट

है। अगस्त 2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में रामपुर ने 127 अंकों के साथ सूबे में पहला स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जिले ने इस वर्ष कुल आठ महीनों में सातवीं बार शीर्ष पायदान पर रहकर एक अनूठा प्रशासनिक रिकॉर्ड बनाया है। जनवरी से जून तक लगातार छह बार प्रथम रहने के बाद अगस्त में प्रशासनिक मशीनरी ने जोरदार वापसी करते हुए पुनः नंबर वन पर अपनी जगह ले ली है।जिले को शीर्ष पर पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका शिकायतकताओं के सकारात्मक फीडबैक ने निभाई। शासन की ओर से अगस्त माह में दर्ज शिकायतों के समाधान के बाद कुल 4985 शिकायतकताओं से सीधे दूरभाषीय संपर्क किया गया। इनमें से 4266 फरियादियों ने माना कि उनकी समस्या का समाधान पारदर्शी और संतोषजनक ढंग से हुआ है। 85.58 फीसदी की इस उच्च संतुष्टि दर ने साफ कर दिया कि जिले में समस्याओं का निस्तारण महज फाइलों को आगे बढ़ाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतिम छोर पर बैठे पीड़ित को धरातल पर राहत दी गई।आईजीआरएस पोर्टल और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की लगातार ट्रैकिंग की गई। आईजीआरएस प्रभारी आनंद कुमार सिंह ने लंबित मामलों पर संबंधित अधिकारियों से नियमित समन्वय स्थापित किया। साथ ही, फील्ड स्तर के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि शिकायतकर्ता की बात संवेदनशीलता के साथ मौके पर जाकर सुनी जाए, जिससे कोई भी मामला डिफाल्टर श्रेणी में दर्ज न हो।



डीएम

**वर्जन**

यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरी प्रशासनिक टीम के अथक परिश्रम, आपसी समन्वय और जनसेवा के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतिफल है। राजस्व, विद्युत, ग्राम्य विकास, पूर्ति और चिकित्सा विभाग समेत सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिस तत्परता और संवेदनशीलता से धरातल पर उतरकर फरियादियों की समस्याओं को दूर किया, वह अत्यंत सराहनीय है। जनसुनवाई की मूल भावना केवल शिकायत बंद करना नहीं, बल्कि आमजन के भीतर शासन-प्रशासन के प्रति गहरा विश्वास पैदा करना है। हमारी टीम इसी ऊर्जा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ आगे भी जनसमस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान का यह सिलसिला बनाए रखेगी।

**अजय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी**

**निरीक्षण** — डीएम और एसपी ने स्वार क्षेत्र के प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

# कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** लगातार हो रही वर्षा और रामनगर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर एवं जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी के निर्देश पर संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है।राहत एवं बचाव की सभी व्यवस्था सक्रिय रखी गई हैं।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया के साथ तहसील स्वार के पसियापुरा, रुस्तम नगर एवं छपरा गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जलभराव की स्थिति, कोसी नदी के जलस्तर तथा ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोसी नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जाए। राजस्व, पुलिस, सिंचाई और आपदा राहत की टीमें पूरी तरह सक्रिय रहें तथा संवेदनशील गांवों में लगातार भ्रमण कर स्थिति की जानकारी लेते रहें।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पहले से पूरी रखें।जिलाधिकारी ने जलमग्न एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में रहने वाले



स्वार क्षेत्र के गांवों का निरीक्षण करते अधिकारी

ग्रामीणों से अपील की कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें और बच्चों को पानी भरे क्षेत्रों तथा नदी के किनारे न जाने दें। लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव और सुरक्षा के उपायों की जानकारी देने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क कटान के कारण टूटे गांव के संपर्क मार्ग के लिए ट्रैक्टर और नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखने और वहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश एसडीएम स्वार को दिए। साथ ही नाव, लाइफ जैकेट, राहत सामग्री और अन्य जरूरी संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था रखने को कहा।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत शिविरों में भोजन, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा, प्रकाश, शौचालय और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित रखी जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।जिला प्रशासन द्वारा कोसी नदी के जलस्तर और प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूरी तत्परता से कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

https://bulandsandesh.Com





बांसुरी और तरह-तरह के झूले भारी मात्रा में बिक रहे

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के नजदीक आते बाजारों में बढ़ी रौनक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है और जगह-जगह कान्हा के श्रृंगार व पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। लोगों जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार करीब आते ही बाजारों में लड्डू गोपाल के शृंगार सामग्री की रौनक और मांग काफी बढ़ गई है। इस बार बाजारों में लड्डू गोपाल के लिए सिर्फ पारंपरिक पोशाकें और मुकुट ही नहीं, बल्कि डिजाइनर ड्रेसेस, घुंघराले बालों के सेट, कुंदन व स्टोन से सजे फैंसी मुकुट, बांसुरी और तरह-तरह के झूले भारी मात्रा में बिक रहे हैं।शहर के प्रमुख बाजारों में लड्डू गोपाल को सजाने-संवारने की सामग्री की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। इस बार बाजारों में एक किलोग्राम से लेकर 10 किलोग्राम तक की पीतल की बड़े आकार की प्रतिमाएं भी उपलब्ध हैं, जिनके लिए विशेष रूप से बड़े आकार की फैंसी पोशाकें, भारी हार, फैंसी मुकुट और झूले भी बाजार में उपलब्ध कराए गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि लड्डू गोपाल के श्रृंगार और पोशाक की मांग तो हर साल रहती है, लेकिन इस बार नए डिजाइन के कुंदन-मोती से सजे मुकुट,स्टोन वर्क वाली पोशाकें ग्राहकों को बहुत पसंद आ रही हैं।



बाजारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर खरीदारी करती महिलाएं

**मंदिरों में चल रहा साफ सफाई का काम**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के नजदीक आते ही बाजारों के साथ ही मंदिरों में भी रौनक बढ़ गई है। मंदिरों में तेजी के साथ साफ सफाई का काम चल रहा है। ताकि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर श्री कृष्ण भगवान को सजाया जा सके। इसके अलावा महिलाएं घरों में तेजी के साथ साफ सफाई का काम कर रही है। क्योकि 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** सिटी मोंटेसरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में बच्चों ने सुंदर भजन, नृत्य संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा विद्यालय परिसर कृष्णामय हो गया।



राधा कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नरदेव सिंह मौर्य ने बच्चों को श्री कृष्ण के जीवन और उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।बच्चों को सत्य, प्रेम, सद्भावना और अच्छे कर्मों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा सभी बच्चों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अजय सिंह मौर्य ने बच्चों को भगवान श्री कृष्ण के प्रेम, सत्य और कर्म के संदेश को अपने जीवन में अपने के लिए प्रेरित करने को कहा तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग की सहाना की! इस मौके पर मंजू लखन पाल,शैलजा कुशवाहा, गुलफ्शा बी,स्वाति पांडे, मनोज कुमार ,गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त से मिला राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का पांच सदस्यीय शिष्टमंडल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने मंडलायुक्त, मुरादाबाद मंडल के कार्यालय में जिला अध्यक्ष पं. राम बाबू शर्मा के

**पुष्प-गुच्छ, परिषद का प्रतीक चिन्ह और धार्मिक ग्रंथ सप्रेम भेंट कर किया सम्मानित**

नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट एवं वार्ता की। भेंट के दौरान शिष्टमंडल द्वारा मंडल आयुक्त को पुष्प-गुच्छ, परिषद का प्रतीक चिन्ह एवं धार्मिक ग्रंथ सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।

वार्ता के दौरान शिष्टमंडल ने जनपद स्तर पर विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की पदोन्नति सहित अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं के अनावश्यक रूप से लंबित रहने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। परिषद ने मांग की कि कर्मचारियों से संबंधित प्रकरणों का



मंडलायुक्त को पुस्तक भेंट करते जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी।

समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए। जिससे कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। मंडल आयुक्त ने परिषद के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी के साथ किसी प्रकार का अहित नहीं होने दिया जाएगा। कर्मचारियों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए शीघ्र ही जिला प्रशासन के स्तर से आवश्यक परिपत्र जारी कराने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का समूल एवं समय रहते निराकरण कराया जा सके। इसके साथ ही पेंशनर्स एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुराद खान, संयुक्त मंत्री अमित प्रकाश केवट, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सैनी, मीडिया प्रभारी मोहम्मद जुहैब सहित शिष्टमंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता की बालिदा का इंतकाल,गमगीन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** रेड क्रॉस सोसाइटी के डायरेक्टर फैसल शाह खां की बालिदा का बीते दिन लंबी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया।जिसकी सूचना मिलते ही समिति एवं परिवार में माहौल गमगीन हो गया। अधिवक्ता समाज में भी अशोक की लहर है। देर शाम दफन किया गया।दफन में प्रदीप कुमार गंगवार, हरविंदर सबरवाल, राहुल गुप्ता, अंकुर रस्तोगी, हिदायत अली, राज बहादुर गौतम, विनोद यादव आदि मौजूद रहे।

### विवेचक की एसपी से की शिकायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना सैफनी के गांव चंदुपुरा कलां निवासी केदारी ने 2 सितम्बर को जनसुनवाई के दौरान प्रार्थना पत्र एसपी को देकर कहा है कि एक मुकदमा सरकार बनाम शेर सिंह धारा 76 बी एनएस, 3/4 दहेज अधिनियम है। जो थाना सैफनी में 14 जुलाई 2026 को दर्ज हुआ था।गवाही के लिए पीड़ित गया तो मुकदमे के विवेचक ने उल्टी सीधी पूछताछ करके उसका उत्पीड़न किया। इस दौरान पैसों विवेचक ने पैसों की मांग की। नही देने पर विवेचक एफआर लगाने की पुलिस फिराक में है। पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि विवेचक का स्थानांतरण कर उसे न्याय दिलाया जाए।

### शनिवार को मुख्यमंत्री करेंगे वेलेंटिना विक्टर को सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए जनपद से चयनित प्रधानाध्यापिका वेलेंटीना विक्टर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार 5 सितंबर को गोरखपुर में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा।सम्मान समारोह जनपद गोरखपुर के बाबा नाथ प्रेक्षागृह में पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होगा। चयनित शिक्षकों को 4 सितंबर की शाम 5 बजे तक गोरखपुर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर जागीर में प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत वेलेंटीना विक्टर ने विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद शैक्षिक वातावरण और नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए। उनके कार्यभार ग्रहण करने के समय विद्यालय में छात्र संख्या केवल 72 थी, जो अब बढ़कर 165 पहुंच गई।वेलेंटिना विक्टर को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए समय-समय पर विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22, रामपुर के रत्न सम्मान सहित कई उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं।उनके कार्यों की विभिन्न स्तरों पर सराहना भी की गई है। राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए उनके चयन और मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने को लेकर शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है। उनके सम्मान को जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के लिए भी एक गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



बच्चों को सम्मानित करती शिक्षिका

### सड़क हादसों में दो लोग घायल, सीएचसी में कराया उपचार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहबाद।** क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। हादसे में ग्राम खरसोल निवासी इकबाल और सिरौली निवासी गणेश घायल हुए। दोनों को परिजन व आसपास के लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहबाद लाया गया।सीएचसी में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया।हादसों की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल, सीएचसी में कराया उपचार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहबाद।** क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। हादसे में ग्राम खरसोल निवासी इकबाल और सिरौली निवासी गणेश घायल हुए। दोनों को परिजन व आसपास के लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहबाद लाया गया।सीएचसी में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हादसों की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस की तैयारियां तेज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहबाद।** विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस को लेकर शाहबाद क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सिरौली रोड स्थित रतन फार्म में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला सेवा प्रमुख शोभित गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश विनायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में उत्साह बना हुआ है।

### महिलाओं ने की पूजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी हरछठ बलदेव छठ यानी संसार में देव दानव मानव जीव जंतु कोई भी बलराम से ज्यादा शक्तिशाली बलवान नहीं है। यह संसार को यानी पृथ्वी को अपने शीश पर धारण करने वाले शेशनाग हैं।यही त्रेता युग में भगवान विष्णु अवतार श्री राम के छोटे भाई लक्ष्मण के अवतार में साथ थे।वही द्वापर युग में शेष अवतार बलराम के रूप में विष्णु भगवान के बड़े भाई शेष अवतारी बलभद्र यानी बलवानों में सबसे बड़े,लीला वतारी भगवान श्री कृष्ण के साथ हजारों की संख्या में भक्तों राजाओं देवताओं राक्षसों को सहायता कर कष्ट दूर करने और संसार मैं धर्म की स्थापना करने के लिए इस संसार में मानव कल्याण के लिए भगवान के साथ शामिल होने वाले का जन्मोत्सव मनाया जाता है।इस मौके पर महिलाओं ने पूजा की।



पूजा अर्चना करती महिला

# आवश्यकता पड़ने पर सुरंग वाली जगह पर डाला जाएगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलासपुर।** भाखड़ा डैम में बनी सुरंग को पाटने के लिए चल रहे जलस्तर बढ़ जाने से बल्लियों की दीवार भी डूब गई।इसके बावजूद नहर विभाग मरम्मत के प्रयासों में लगा रहा।

नगर में हाईवे स्थित भाखड़ा डैम में सतह के नीचे बनी सुरंग को बंद करने के लिए नहर विभाग बीती 26 अगस्त से लगातार कोशिशें कर रहा है। डैम के सुरंग वाले हिस्से में पानी की रफ्तार (वेलोसिटी) कम करने के लिए लकड़ी की बल्लियों की दीवार (बल्ली पाइलिंग) बनाई गई है, परंतु बरसात के पानी ने उसे बेअसर कर दिया है।बुधवार को उत्तराखंड के हरिपुरा जलाशय और कैचमेंट एरिया से आए बरसाती पानी ने डैम में जलस्तर बढ़ा दिया है।इससे दीवार के बीच की बल्लियां तिरछी होकर डूब गई हैं और पानी ऊपर से बहने लगा है।इससे मरम्मत के काम में बाधा उत्पन्न हो गई है।नहर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाधा के बावजूद मरम्मत का काम किया जा रहा है। एक जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से सुरंग वाली जगह पर मिट्टी व पत्थर



भाखड़ा डैम में बढ़ा पानी

डालने का काम चलता रहा। अनेक मजदूर मिट्टी भरकर जियो बैग तैयार करते रहें, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर सुरंग वाली जगह पर डाला जाएगा।कई मजदूर डैम के उत्तरी भाग में बने टीले की मिट्टी हटाकर पानी का बहाव मोड़ने का काम करते रहे।नहर विभाग के सहायक अभियंता नंदलाल आर्य ने बताया कि मरम्मत के काम को रोका नहीं जाएगा।सुरंग को पाटने में जल्द ही सफलता मिल सकती है।भाखड़ा डैम में किन्हीं प्राकृतिक कारणों से खलासी (अंडर स्लूस) के पीछे दक्षिणी कोने में सुरंग (अंडरग्राउंड पाइपिंग) बन गई है।

इससे डैम का पानी सतह के ऊपर न बहकर सुरंग के अंदर से बहते हुए खलासी से आगे जाकर फर्श तोड़कर बाहर निकल रहा है। सुरंग के कारण डैम के पानी में भंवर बन गया है।जिसने डैम के विसर्जन घाट का कटान कर दिया है।मरम्मत कार्य के दौरान सहायक अभियंता नंदलाल आर्य, अवर अभियंता वीर सिंह, अजलम हुसैन व सुनील कुमार सहित विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवक की हत्या करके शव को छिपाने में आरोपी को उम्रकैद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** आठ साल पहले थाना स्वार में हुई हत्या के मामले में एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने नामजद आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के साथ 20 हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया है।

भोट थाना क्षेत्र के गांव खौदपुरा निवासी राकेश का कहना था कि 17 सितंबर 2018 को उसके भाई गुड्डू को उसी की बाइक से गांव के ही राजू स्वार के गांव मीरगंज में अपने रिश्तेदार रमेश के यहां पर ले गया था।उसके बाद शाम को विजय सिंह भी वहां पर आ गया था।उसके बाद तीन आरोपियों ने गुड्डू की हत्या करके उसके शव को पुलिया के नीचे छिपा दिया था।जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए थे।इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने राजू,विजय सिंह, और रमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। जिला शासकीय अधिवक्ता नवनीत कश्यप ने बताया कि हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास और 20 हजार का जुमार्ना लगाया है।

# बारिश बनी आफत, मकान की बाउंड्रीवाल धराशायी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**भोट।** क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई तेज बारिश के दौरान हिम्मतपुर गांव में एक मकान की बाउंड्री वाल अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय दीवार के आसपास कोई मौजूद नहीं होने से परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। हिम्मतपुर निवासी इकरार मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनकी पत्नी नेमत जहां गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोइया हैं। इकरार ने बताया कि बुधवार सुबह तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान अचानक उनके मकान की बाउंड्री वाल धराशायी हो गई। दीवार गिरने से आसपास का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक हुए हादसे से परिवार में अफरा तफरी मच गई।ग्रामीणों के अनुसार लगातार बारिश के चलते बाउंड्रीवाल कमजोर हो गई थी। गनीमत रही कि जिस समय दीवार गिरी, उस दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को हुए नुकसान का आकलन कर उचित आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।



हिम्मतपुर में बारिश से गिरी मजदूर की दीवार को दिखाती महिला।

# दूरदर्शन लखनऊ पर गूंजेगी शिक्षिका नीलम की कविता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिका एवं साहित्यकार नीलम रानी सक्सेना अपनी साहित्यिक प्रतिभा से जनपद का नाम रोशन कर रही हैं।विभिन्न प्रतिष्ठित काव्य मंचों पर प्रभावशाली काव्य पाठ प्रस्तुत कर चुकीं नीलम

**देशभक्ति से ओतप्रोत रचना पुलवामा के शहीदों को नमन प्रस्तुत करेंगी**

रानी सक्सेना की स्वरचित रचना का अब एक बार फिर दूरदर्शन लखनऊ से प्रसारण होने जा रहा है।

दूरदर्शन लखनऊ के कार्यक्रम वन्स मोर के अंतर्गत 3 सितंबर, बृहस्पतिवार को शाम 8:45 बजे से 9 बजे तक उनका काव्य पाठ प्रसारित किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में वह अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत रचना पुलवामा के शहीदों को नमन प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम में तीन साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की हैं, जिनमें रामपुर जनपद से नीलम रानी सक्सेना का चयन होना विशेष उपलब्धि माना जा रहा है।इससे पूर्व 31 अगस्त 2026 को दूरदर्शन लखनऊ से प्रसारित काव्य कार्यक्रम में भी नीलम रानी सक्सेना ने अपनी देशभक्ति रचना ऐ वतन तेरे चरणों में हमने प्रस्तुत कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा की प्रभावशाली छाप छोड़ी।साहित्य के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं हैं। उनके संपादन में दो नवीन पुस्तकें मां का आंचल और वतन के तराने प्रकाशित हो चुकी हैं।दोनों पुस्तकें ऑनलाइन माध्यम से अमेजन पर भी उपलब्ध हैं। मां का आंचल का विमोचन अगस्त माह में गदरपुर, उत्तराखंड में हो चुका है, जबकि वतन के तराने का विमोचन 6 सितंबर 2026 को बरेली में प्रस्तावित है।नीलम रानी सक्सेना बेसिक शिक्षा विभाग में उच्च प्राथमिक विद्यालय भोट, विकास क्षेत्र चमरौआ में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।दूरदर्शन जैसे प्रतिष्ठित मंच पर लगातार काव्य पाठ के प्रसारण और साहित्य के क्षेत्र में उनकी सक्रिय उपलब्धियों से बेसिक शिक्षा विभाग, शिक्षा जगत और साहित्य प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।



शिक्षिका नीलम

प्रशिक्षण

## 300 शिक्षकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

# कक्षा-कक्ष की वास्तविक परिस्थितियों पर चर्चा की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** विकासखंड मिलक में निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय बैच का समापन हुआ। प्रशिक्षण तृतीय बैच 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग करते हुए भाषा एवं गणित विषयों को अधिक प्रभावी और रुचिकर तरीके से पढ़ाने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों एवं शिक्षण विधियों का अभ्यास किया। मिलक विकासखंड में तृतीय बैच प्रशिक्षण पूरा होने पर 300 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण में प्रदीप कुमार शर्मा ,पृथ्वी सिंह, सचिन कुमार पांडे, रोहित शर्मा, पंकज शर्मा, सुशील गुप्ता एवं सद्दाम हुसैन ने सुगमकर्ता के रूप में शिक्षकों के साथ सत्र संचालित किए। समय-समय पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मिलक राजेंद्र सिंह बोरा जी का मार्गदर्शन भी शिक्षकों को मिला।भाषा विषय के सत्रों में बच्चों के साथ बातचीत के माध्यम से भाषा विकास, पढ़ने की समझ, लेखन कौशल, प्रश्न पूछने की प्रक्रिया तथा बच्चों की सीख का आकलन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्य किया गया। शिक्षकों ने समूहों में गतिविधियां करते हुए कक्षा-कक्ष की वास्तविक परिस्थितियों पर चर्चा की और अपने अनुभव साझा किए।इसी क्रम में गणित शिक्षण को सरल एवं बच्चों के लिए सहज बनाने के लिए विभिन्न शिक्षण सामग्री और गतिविधियों का प्रयोग कराया गया। संख्या बोध, स्थानीय मान, जोड़-घटाव सहित अन्य गणितीय अवधारणाओं को गतिविधियों एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाने पर विशेष जोर दिया गया। कैच-अप एवं आवश्यकता आधारित शिक्षण के अंतर्गत बच्चों की सीखने की कमियों को पहचानकर उनके अनुसार सहयोग देने के तरीकों पर भी अभ्यास कराया गया।समापन अवसर पर शिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान किए गए गतिविधि-आधारित अभ्यासों एवं डेमो के माध्यम से अपनी समझ साझा की। प्रतिभागियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बच्चों की जरूरत के अनुसार शिक्षण की योजना बनाने और कक्षा में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के कई व्यावहारिक तरीके सीखने को मिले।प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण से प्राप्त सीख को अपने विद्यालयों में लागू करने तथा बच्चों की सीखने की प्रगति को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक एवं शिक्षिकाएं

## सम्पादकीय

# विरोधी खेमों पर अब कोई असर नहीं



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

हकीकत से कटे नैरेटिव्स का अपना जीवनकाल होता है। जब उनका सामना विपरीत होते जमीनी हालात से होता है, तो उनमें दरारें पड़ने लगती हैं। जेन-जी का तेवर उन्हीं हालात का नतीजा है। भारत का राजनीतिक विमर्श काफी पहले शालीनता की हदें तोड़ चुका है, इसलिए इसमें नए अपशब्दों के जुड़ने पर शायद ही किसी को एतराज होता है। तीखे ध्रुवीकरण की मौजूदा सूरत में किसी नेता की टिप्पणियों को गरिमा-विहीन या मयार्दा के खिलाफ बता कर उसे घेरने की रणनीति का विरोधी खेमों पर अब कोई असर नहीं होता। कई वर्षों तक इस नई स्थिति का लाभ भाजपा ने उठाया। भाजपा नेताओं को लेकर कुछ हलकों से तब भी ऐसे शब्द बोले जाते थे, लेकिन तब कथानक पर भाजपा इकॉ-सिस्टम का इतना दबदबा था, वे शब्द बोलने वाले को ही भारी पड़ जाते थे। लेकिन यह बदले माहौल का ही संकेत है कि ऐसे लफ्ज अब जनमत के एक बड़े हिस्से में नया राजनीतिक कथानक गढ़ने का काम करने लगे हैं। भाजपा काफी समय तक विपक्षी नेताओं को प्रहसन-पात्र के रूप में पेश सियासी फायदे उठाती रही, मगर अब सोशल मीडिया- खासकर रील्स के इस्तेमाल से वैसी ही छवि उनके शीर्ष नेताओं को पेश की जा रही है, जिसे एक बड़ा श्रोता वर्ग मिल रहा है। बेशक, यह स्थिति लाने में जेन-जी के आंदोलनों ने बड़ी भूमिका निभाई है। भाजपा के सामने सवाल खड़ा है कि कहानी ऐसे क्यों पलटने लगी है? वे आत्म-मंथन करें, तो शायद उन्हें आभास होगा कि यथार्थ से कटे कथानकों का अपना जीवनकाल होता है। जब उनका सामना विपरीत होते जमीनी हालात से होता है, तो उनमें दरारें पड़ने लगती हैं।

जेन-जी का तेवर उन्हीं हालात का नतीजा है। हिंदुत्व की पहचान के साथ 'विश्व गुरु की हैसियत दिलाने के वादों से वह छली गई महसूस कर रही है, तो उसकी वजहें हैं। ये पीढ़ी 'मेक इन इंडिया, 'नया भारत, 'देश बदल रहा है, 'अमृत काल, 'विकसित भारत जैसे नारों को सुनते हुए जब बड़ी हुई, तो उसने पाया कि असल में उसके पास आगे बढ़ने के पहले जितने अवसर भी उपलब्ध नहीं हैं। तो वह हिसाब मांग रही है। इसका जवाब 'सप्तधारा जैसे नए नैटेरिव गढ़ कर नहीं दिया जा सकता। ना ही 'दिमागी नक्सलियों को अलग-थलग करने जैसे एलान नई परिस्थितियों में अपेक्षित भय पैदा कर सकेंगे।




# 22 हजार करोड़ का दावा, 6.5 करोड़ का निपटारा: आखिर किस कीमत पर?



डॉ.प्रियंका सौरभ

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा सुभाष चंद्र बैंक के लगभग 22,006 करोड़ रुपये के दावों के निपटारे को मात्र 6.5 करोड़ रुपये में अस्थायी मंजूरी देने के आदेश ने बैंकिंग क्षेत्र को झकझोर दिया है और दिवालियापन कानून तथा देश के आर्थिक न्याय को लेकर विवाद खड़ा कर दिया है। यह टकराव केवल व्यावसायिक संघर्ष नहीं है, बल्कि बड़े कॉरपोरेट समूहों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, नियामक संस्थानों और न्यायपालिका की व्यवस्था के लिए एक चुनौती है, जो एक ही मंच पर खड़े दिखाई देते हैं। जब इतने बड़े ऋण की वसूली के लिए 99.97 प्रतिशत तक की कटौती की जाती है, तो आप उम्मीद कर सकते हैं कि कानून निष्पक्ष होगा, या कम से कम आर्थिक शक्ति के अनुरूप कानून की व्याख्या अपरिवर्तित रहेगी। इसलिए, इस निर्णय ने जनता की नाराजगी, राजनीतिक बहस और संस्थानों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

दिवालियापन और दिवालिया संहिता (IBC) मूल रूप से संकटग्रस्त कंपनियों को एक निश्चित समय सीमा के भीतर पुनर्जीवित करने, लेनदारों के हितों की रक्षा करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए बनाई गई थी। हालांकि, यदि कोई समाधान योजना इतनी कठोर प्रतीत होती है कि अधिकांश दावे को छोड़ दिया जाता है, तो समाधान प्रक्रिया की वास्तविक प्रकृति पर सवाल उठना स्वाभाविक है। किसी कानून की वैधता केवल यह नहीं है कि वह कानूनी रूप से एक प्रक्रिया स्थापित कर सकता है, बल्कि यह उचित और जनहित के अनुरूप भी होना चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के धन में भारी कमी - जो अंततः नागरिकों की जमा राशि और करों द्वारा समर्थित है - प्रणाली की जवाबदेही को प्रभावित करेगी। इससे यह धारणा बनती है कि उधारकर्ता का सामाजिक वर्ग, राजनीतिक संबंध और व्यावसायिक शक्ति वसूली की समय-सारणी और उसकी गंभीरता को प्रभावित कर सकती है।

यह एक संवेदनशील मुद्दा है क्योंकि भारत में बैंकिंग प्रणाली छोटे कर्जदारों के प्रति बेहद कठोर मानी जाती है। किसान, छोटे व्यापारी, निम्न मध्यम वर्ग के वेतनभोगी और शिक्षा ऋण लेने वाले छात्रों को मामूली चूक पर भी अक्सर नोटिस, वसूली की कार्रवाई और दंड का दबाव झेलना पड़ता है। इसके विपरीत, जब बड़े व्यावसायिक ऋणों की बात आती है, तो 'पुनर्गठन', 'समाधान' और 'कटौती' जैसे तकनीकी शब्द आम नागरिक को यह नहीं समझा पाते कि नुकसान किसका होगा। ?22,000 करोड़ की बड़ी रियायत से असमानता पैदा होना तय है, जब एक किसान की जमीन ?50,000 के बकाया ऋण के कारण खतरे में पड़ जाती है। यह असमानता न केवल आर्थिक है, बल्कि नैतिक भी है, जो राज्य और उसकी संस्थाओं में नागरिकों के विश्वास को प्रभावित करती है।

इस मुद्दे का एक और पहलू भारत की कॉर्पोरेट ऋण वसूली व्यवस्था की अपारदर्शिता है। दावे की वास्तविक राशि, स्वीकृत प्रतिशत, कटौती के निर्धारण में प्रयुक्त प्रक्रिया और संबंधित परिसंपत्तियों के मूल्यांकन का आधार आम नागरिक के लिए समझना कठिन है। जब दस्तावेज, मूल्यांकन और निर्णय लेने की प्रक्रिया सरल भाषा में उपलब्ध न हों और सार्वजनिक जांच के लिए खुले न हों, तो ऐसे मामलों में संदेह होना स्वाभाविक है। यह संदेह तब और भी प्रबल हो जाता है जब कोई निर्णय ऐसे समय में आता है जब सरकार और बड़े उद्योगपतियों के बीच किसी प्रकार का संबंध है या नहीं, इस पर राजनीतिक बहस चल रही होती है। इसलिए यह केवल एक व्यक्ति या एक कंपनी का मामला नहीं है, बल्कि यह वित्तीय न्याय प्रणाली की विश्वसनीयता का प्रश्न है। समर्थकों के बीच यह बहस हो सकती है कि दिवालियापन व्यवस्था का लक्ष्य हमेशा अधिकतम वसूली नहीं बल्कि एक व्यावहारिक समाधान होना चाहिए। किसी व्यवसाय का परिसमापन संपत्ति मूल्यों में गिरावट के कारण हो सकता है और मुकदमेबाजी जारी रखने से बैंकिंग प्रणाली को अल्पकालिक लाभ न हो, ऐसे में कम राशि का समझौता भी एक प्रशासनिक समाधान के रूप में देखा जा सकता है। यह तर्क पूरी तरह से निराधार नहीं है। लेकिन ऐसे सभी कारणों की निष्पक्षता, निरंतरता और समान परिस्थितियों में समाधान की प्रयोज्यता के संदर्भ में गहन जांच की जानी चाहिए। यदि महत्वपूर्ण और शक्तिशाली उधारकर्ताओं के साथ बेहतर व्यवहार किया जाता है और छोटे उधारकर्ताओं के साथ बुरा व्यवहार किया जाता है तो प्रक्रिया की वैधता कमजोर हो जाती है। यहीं पर यह बात महत्वपूर्ण हो जाती है कि कानूनी रूप से वैध और सामाजिक रूप से न्यायसंगत में क्या अंतर है।

इस प्रकरण ने एक महत्वपूर्ण मुद्दे को भी छुआ है: क्या भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग संस्कृति वास्तव में सुधार की ओर अग्रसर हुई है या यह अभी भी राजनीतिक और आर्थिक दबावों के प्रति संवेदनशील है? यदि बैंक बड़े जोखिम भरे ऋण देते हैं, तो चूक के कारण होने वाले नुकसान का अंतिम बोझ सरकारी खजाने पर ही पड़ेगा और "निजी लाभ, सार्वजनिक हानि" का पुराना रूप फिर से दोहराया जाएगा। ऐसी परिस्थितियों में, बैंकिंग सुधार की मांगें सतही प्रतीत होती हैं। चार चरणों में जवाबदेही की आवश्यकता है: ऋण स्वीकृति, निगरानी, चूक और समाधान। यदि किसी समस्या का अंतिम समय में बड़े पैमाने पर छंटनी करके समाधान किया जाता है, तो पिछली चूकों और प्रणालीगत विफलताओं को छुपाना संभव नहीं है।यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक चेतावनी भी है। चुनाव ही लोकतंत्र का एकमात्र साधन नहीं हैं, और इसकी वैधता इस बात पर टिकी है कि नागरिकों को न्याय के निष्पक्ष कार्यान्वयन पर भरोसा हो। लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास तब कम हो जाता है जब आम नागरिकों को लगता है कि कानून शक्तिशाली लोगों का पक्ष लेते हैं और कमजोरों को दंडित करते हैं। इसलिए, इस विवाद में केवल राजनीतिक बयान देना पर्याप्त नहीं है। एक संस्थागत समीक्षा की आवश्यकता है जो यह दर्शा सके कि समाधान योजना किन मानदंडों पर आधारित थी, किन नियमों का पालन किया गया और क्या जनता के हितों की रक्षा की गई। सुभाष चंद्र के मामले में, यह एक विशिष्ट व्यवसायी की कहानी बनकर उभरी है। यह भारत की वित्तीय अखंडता का मुद्दा बन गया है। यह इस बात की याद दिलाता है कि आर्थिक सुधारों को केवल निवेश, पुनर्गठन या "व्यापार करने में सुगमता" के आधार पर नहीं मापा जाना चाहिए, बल्कि इस आधार पर भी मापा जाना चाहिए कि वे विश्वास, समानता और न्याय को कितना बढ़ावा देते हैं। जब बैंकिंग और दिवालियापन प्रणाली शक्तिशाली उधारकर्ताओं की कठिनाइयों को कम करने और कमजोर उधारकर्ताओं को दंडित करने का साधन बन जाती है, तो यह सुधार नहीं बल्कि असंतुलन का संस्थागतकरण होता है। जब ऐसा समय आता है, तो यह मायने नहीं रखता कि कितना ऋण माफ किया गया, बल्कि यह मायने रखता है कि इस माफी से किसे, क्यों और किस कीमत पर लाभ हुआ।

# मेसी की आखिरी पास, अब नई पीढ़ी के पैरों के नाम



प्रो. आरके जैन अरिजीत

मेसी के जाने की खबर उन आंखों को सबसे ज्यादा चुभी, जिन्होंने उन्हें अपना भविष्य माना था। एक गेंद, कच्ची जमीन और उसे ठोकर मारता बच्चा–मेसी ने करोड़ों युवाओं को सपने देखने का हौसला दिया। किसी कमरे में उनकी तस्वीर थी, किसी की चाल में उनकी नकल। उन्हें लगता था, मेसी रहेंगे तो जादू रहेगा–वही तेज कदम, वही बायां पैर, वही असंभव गोल। अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास उन्हें कड़वा सच सिखा रहा है–समय किसी नायक के लिए नहीं रुकता। फिर भी यह हार नहीं। मेसी सपने लेकर नहीं गए; अपनी यात्रा की रोशनी युवाओं को सौंप गए। अब उनका जादू उन पैरों में दिखेगा, जो उनकी कहानी से प्रेरित होकर मैदान में उतरेंगे। दुनिया ने मेसी को ट्रॉफी उठाते देखा, मगर उनके जीवन का सबसे गहरा खालीपन पिता जॉर्ज के जाने का है। पिता के लिए बेटे को ऊंचाइयों पर देखना सबसे बड़ा सुख, बेटे के लिए उस ऊंचाई पर पिता की आंखों को न पाना सबसे बड़ा दर्द है। जॉर्ज के निधन के बाद मेसी का यह फैसला इसलिए मार्मिक है कि इसमें महान खिलाड़ी से पहले एक बेटे का दर्द दिखता है। विश्व कप फाइनल में स्पेन से हार के दो दिन बाद लिखे उनके शब्दों को भी इसी पीड़ा में समझना चाहिए। युवाओं के लिए यह सबक है–हर सफलता के पीछे परिवार का साथ होता है और सबसे कठिन लड़ाइयां कई बार स्टेडियम में नहीं, भीतर लड़ी जाती हैं। मेसी के 207 अंतरराष्ट्रीय मैच और 125 गोल के पीछे वह कहानी है, जो किसी स्कोरबोर्ड पर नहीं लिखी जाती। कितनी हारें मिलीं, कितनी आलोचनाएं सहीं, कितनी रातें जीत हाथ से निकल गई–इनका कोई हिसाब नहीं। यही अनदेखा संघर्ष युवाओं के लिए मेसी की असली पाठशाला है। महान खिलाड़ी वह नहीं जो कभी गिरता नहीं, बल्कि वह है जो गिरकर भी सपने से नाता नहीं तोड़ता। मेसी के पैरों ने जितने गोल किए, उनके संघर्ष ने उससे कहीं ज्यादा युवाओं में विश्वास जगाया।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**


### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**


# रकुल प्रीत सिंह का बोल्ड अंदाज, थाई-हाई स्लिट गाउन में ढाया कहर, तस्वीरें वायरल

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने अभिनय के साथ-साथ अपने बेहतरीन स्टाइल स्टेटमेंट के लिए भी जानी जाती हैं।
हाल ही में रकुल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका बेहद हॉट और बोल्ड को एक ट्रेंडी और एलिगेंट लुक दे रहा है। रकुल का ब्यूटी लुक उनके आउटफिट को पूरी तरह कॉम्प्लीमेंट कर रहा है
उन्होंने बालों को सामने से स्लीक और सेंटर-पार्टेड रखते हुए पीछे वॉल्यूमिनस कर्ली लो-पॉनीटेल बनाई है। मिनिमल लेकिन ग्लैम



अवतार देखने को मिल रहा है।
विंटेज बैकड्रॉप में कराए गए इस फोटोशूट में रकुल प्रीत सिंह का ग्लैमरस अंदाज देखने लायक है। तस्वीरों में रकुल प्रीत सिंह ने ब्राउन और ब्लैक कॉम्बिनेशन का सीक्वेन गाउन पहना हुआ है, जो एनिमल प्रिंट पैटर्न से मिलता-जुलता लुक देता है।
इस गाउन में प्लंजिंग वी-नेकलाइन और कमर पर एक डार्क बेल्ट फिनिशिंग दी गई है। ड्रेस का सबसे मुख्य आकर्षण इसका बोल्ड थाई-हाई स्लिट है, जो रकुल की टोंड लेग्स को खूबसूरती से फ्लॉन्ट कर रहा है।
रकुल के ड्रेस के पिछले हिस्से में एक बड़ा सा ब्लैक बो अटैचमेंट है जो बैकलेस कट मेकअप के साथ सॉफ्ट ब्राउन आईशैडो, मस्कारा लोडेड लैशेज, हाइलाइटेड चीकबोन्स और न्यूड-ब्राउन लिपस्टिक चुनी है। एक्सेसरीज की बात करें तो रकुल ने कानों में बड़े आकार के ब्लैक एंड गोल्ड ज्योमैट्रिक डैंगलर इयररिंग्स, हाथों में कड़े और सिंपल ब्लैक स्ट्रैपी हील्स के साथ अपना लुक पूरा किया है। फैंस उनके इस अवतार पर जमकर लाइक्स और कमेंट्स की बरसात कर रहे हैं। रकुल ने इस फोटोशूट में एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज दिए हैं। सीढ़ियों की रेलिंग को थामकर कभी वो कैमरे में सीधे इंटेंस लुक दे रही हैं, तो कभी साइड प्रोफाइल से अपनी बैकलेस ड्रेस फ्लॉन्ट कर रही हैं।

# दुनिया जब बुरे दौर में है तब भारत के आर्थिक उजाले



ललित गर्ग

दुनिया आज जिस दौर से गुजर रही है, वह आर्थिक और सामरिक दोनों दृष्टियों से असाधारण चुनौतियों का दौर है। रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के सामने कठिन प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ऐसे समय में भारत की अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती का परिचय दिया है, वह केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते भारत की सामर्थ्य का प्रमाण है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत को ऐसी उम्मीद के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसकी ओर दुनिया आश्चर्य और विश्वास दोनों के साथ देख रही है। इस विकास दर ने वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भारत की आर्थिक शक्ति और आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है एवं एक उजाला बिखेरा है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वृद्धि ऐसे समय दर्ज हुई है, जब परिस्थितियां सामान्य नहीं थीं। महंगाई, ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास पथ मजबूत बना रहा। पिछले वर्ष इसी तिमाही में विकास दर 6.9 प्रतिशत थी। यानी एक वर्ष में आर्थिक वृद्धि की गति में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दिया है। घरेलू मांग की मजबूती, सरकारी पूंजीगत व्यय, विनिर्माण, निर्माण और निर्यात जैसे क्षेत्रों का योगदान इस प्रदर्शन के पीछे महत्वपूर्ण रहा है।

आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ तभी समझ में आता है, जब उसे उसके वैश्विक संदर्भ में देखा जाए। आज दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं केवल आर्थिक नीतियों से प्रभावित नहीं हो रहीं, बल्कि युद्ध, कूटनीतिक तनाव, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक संबंध भी उनकी दिशा तय कर रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक एवं रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। पश्चिम एशिया का तनाव ऊर्जा बाजार और वैश्विक आपूर्ति तंत्र के लिए चिंता पैदा करता है। इन परिस्थितियों में भारत का अपेक्षाकृत तेज आर्थिक विकास यह संकेत देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने लिए ऐसे मजबूत घरेलू आधार तैयार किए हैं, जो बाहरी झटकों को सहने की क्षमता रखते हैं। यही वह परिवर्तन है जो भारत को केवल एक बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे ले जा रहा है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल घरेलू बाजार है। करोड़ों उपभोक्ताओं की मांग, बढ़ता मध्यम वर्ग, डिजिटल अर्थव्यवस्था का



विस्तार, बुनियादी ढांचे पर निवेश और बदलती उपभोग संस्कृति ने अर्थव्यवस्था को आंतरिक गति प्रदान की है। जब वैश्विक बाजार अनिश्चित हों, तब घरेलू मांग अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा-कवच का काम करती है। इसीलिए वर्तमान विकास दर में घरेलू मांग की मजबूती को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए।

इस आर्थिक प्रदर्शन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि वृद्धि केवल एक क्षेत्र के सहारे नहीं टिकी है। विनिर्माण क्षेत्र में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का संकेत है कि भारत धीरे-धीरे उत्पादन आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। लंबे समय तक भारत की अर्थव्यवस्था को मुख्यतः सेवा क्षेत्र की शक्ति के रूप में देखा जाता रहा, लेकिन अब देश में उत्पादन बढ़ाने, घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने और बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में किए गए प्रयासों से औद्योगिक क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं पैदा हुई हैं। निर्माण क्षेत्र भी रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सड़कें, रेल, बंदरगाह, हवाई अड्डे, आवास, औद्योगिक गलियारे और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश का प्रभाव केवल आर्थिक वृद्धि के आंकड़ों में नहीं दिखाई देता, बल्कि उससे भविष्य की आर्थिक क्षमता भी निर्मित होती है।

भारत की वर्तमान आर्थिक यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई नीतियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले वर्षों में सरकार ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, वित्तीय समावेशन, विनिर्माण, नए उद्यम, आत्मनिर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा और औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर लगातार जोर दिया है। जनधन खातों से लेकर डिजिटल भुगतान तक और राजमार्गों से लेकर रेलवे के आधुनिकीकरण तक, आर्थिक गतिविधियों का एक व्यापक तंत्र तैयार हुआ है। वस्तु एवं सेवा कर ने देश के बड़े बाजार को अधिक एकीकृत करने में भूमिका निभाई है। दिवाला एवं दिवालियापन संहिता जैसी व्यवस्थाओं ने कारोबारी वातावरण को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं ने अनेक क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन और निवेश को बढ़ावा दिया है। इन नीतियों का वास्तविक मूल्यांकन केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके परिणामों से होना चाहिए। सकल घरेलू उत्पाद के ताजा आंकड़े इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत अवश्य देते हैं। आम नागरिक के लिए आर्थिक विकास का अर्थ तभी सार्थक है, जब उसके जीवन में रोजगार के अवसर बढ़ें, आय में वृद्धि हो, महंगाई नियंत्रित रहे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हों तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार आए। सकल घरेलू उत्पाद हमें अर्थव्यवस्था की गति बताता है, लेकिन यह नहीं बताता कि उस विकास का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक किस प्रकार पहुंच रहा है। इसलिए भारत की अगली चुनौती तेज विकास से आगे बढ़कर गुणवत्तापूर्ण और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। आर्थिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण कसौटी रोजगार है। विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र का विस्तार इसलिए आशाजनक है क्योंकि ये बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने की क्षमता रखते हैं।

# गुरुवार का राशिफल

**मेष** – नौकरी में बदलाव दिखता है, सोचेंगे खुद का ही कुछ शुरू करे, मकान या जमीन लेने की प्रक्रिया तेज करेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

**वृषभ** – विवाह की रूकावटे हटेगी, बेहतर समबन्ध बनेंगे जिनसे आर्थिक लाभ होगा, गुरु की बात मानकर चलेंगे, तेल, मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स का व्यवसाय मुश्किल दे सकता है। भाग्य प्रतिशत-56

**मिथुन** – वाणी का प्रभाव पड़ेगा लेकिन गुपबाजी से बचे, लीवर, गैस, रोग बढ़ेगा, समय पर भोजन करें, परिवार बढ़ाना चाहते थे तो पत्नि से सुखद समाचार मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-60

**कर्क** – अच्छा सोच विचार रहेगा, लेकिन चिंता से बचे,विवाह समबन्ध तय हो सकता हैं, सामाजिक प्रतिष्ठा सम्मान भी बढ़ेगा, विद्या और टैलेंट काम आएगा। भाग्य प्रतिशत-65

**सिंह** – किसी परेशानी से मुक्ति मिलेगी, शत्रु पक्ष हार मानेगा, घर का सुख बढ़ने के साथ नया प्राणी घर में आ सकता है, नकारात्मक विचार हावी ना करें। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या** – मित्रों के साथ मिलकर कोई कार्य कर सकते हैं, आजीविका शुरू हो सकती हैं, यात्रा करते समय ध्यान रखे, पिता की सलाह को गम्भीरता से ले। भाग्य प्रतिशत-57

**तुला** – काम में स्थिरता आएगी, दुकानदार है तो सेल बढ़ेगी, छोटा मोटा कर्ज उतार सकेंगे, बड़ा घर लेना या कोई महंगा सामान,वाहन के लिए सोच समझकर ही फैसला करें। भाग्य प्रतिशत-67

**वृश्चिक** – किसी की बात बहोत बुरी लग सकती है,भावना प्रधान रहेंगे, अपनी सेहत का ध्यान रखें, छोटे बच्चे का ध्यान रखें, पैसे की बातचीत होगी काम मिलने में समय लगेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**धनु** – ऑफिस में प्रेम प्रसंग ना करें, प्रतिष्ठा का ध्यान रखें, मिठाई की दुकान, स्त्री प्रसाधन व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-64

**मकर** – मानसिक रूप से दुखी रह सकते हैं, खुद को नए सिरे से तैयार करे, विवाह प्रस्ताव सोच समझकर स्वीकारे। भाग्य प्रतिशत-52

**कुंभ** – नौकरी में प्रोमोशन का योग बनेगा, पेट रोग का ध्यान रखें, आत्मविश्वास बनाए रखें, मकान बदल सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-61

**मीन** – किसी मामले में समझौता करना पड़ेगा, मनचाहा काम होने में मुश्किल आएगी, किसी औषधि का सेवन लाभकारी रहेगा। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य मे मीटिंग का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** यदुवंशी सेवा समिति बहजोई की श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में मीटिंग सुमंगलम रेस्टोरेंट आयोजित की गई

जिसमें समिति के समस्त पदाधिकारियों ने समिति को मजबूत करने और 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से सुमंगलम ग्रीन रिजॉर्ट बहजोई बबराला रोड पर आयोजित होगा जिसकी मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शश कुसुम लता यादव जी रहेगी तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं समस्त यादव विधायक गण एमएलसी पूर्व विधायक गण रहेंगे।

इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, यादव समाज की गरीब बेटी की शादी के लिए मदद करने, यादव परिवार की गरीब प्रतिभाशाली बच्चे की पढ़ाई के लिए सहयोग करने की अग्रिम राजनीति एवं यादव समाज के उत्थान के लिए सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी यदुवंशियों से अपील की गई



की गई। समिति के विस्तार के लिए तीन नए युवा साथी, लव कुमार यादव जसपाल सिंह यादव पदमसिंह यादव कुछ जिम्मेदारी दी गई है। उम्मीद है कि सभी यादव समाज को आगे बढ़ाने के लिए तन,मन और धन से पूरा प्रयास करेंगे। मीटिंग की अध्यक्षता समिति के संरक्षक कृपाल सिंह यादव रिटायर्ड फौजी ने तथा संचालन महामंत्री अशोक यादव ने किया समिति के अध्यक्ष लाल बहादुर यादव द्वारा मीटिंग में आए हुए सभी यदुवंशियों का आभार व्यक्त किया ।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी बांधकर लौटे विद्यार्थियों ने, डीएम से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर न्यू सत्यम एकेडमी स्कूल, चंदौसी के छात्र-छात्राओं रुहांश (कक्षा-7), अक्षिता वार्ष्णेय (कक्षा-8), पावनी गुप्ता (कक्षा-9) एवं

**डीएम ने पुष्प देकर किया विद्यार्थियों का स्वागत, उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं**

माधव गुप्ता (कक्षा-9) को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में भेंट करने तथा उन्हें राखी बांधने का गौरव प्राप्त हुआ। इस विशेष अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय की डायरेक्टर नमिता चौधरी एवं पीजीटी अध्यापक मुजम्मिल भी राष्ट्रपति भवन गए। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात के इस गौरवपूर्ण अवसर के बाद आज न्यू सत्यम एकेडमी के उक्त छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की डायरेक्टर नमिता चौधरी, पीजीटी अध्यापक मुजम्मिल एवं



सत्यम के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर डीएम अंकित खंडेलवाल ने छात्र-छात्राओं का पुष्प देकर स्वागत किया तथा राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से हुई उनकी मुलाकात के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के गौरवपूर्ण अवसर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने तथा अपने विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं निरंतर प्रगति की कामना की।

# सड़क पर अतिक्रमण बन रहा है, जी का जंजाल, संभल-हसनपुर मार्ग पर ट्रकों की लंबी कतार, हाईवे पर अतिक्रमण से बढ़ा हादसे का खतरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (मोहम्मद काशिफ)।** संभल-हसनपुर मार्ग पर इन दिनों सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में ट्रक खड़े होने से हाईवे पर अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है। ट्रकों की लंबी-लंबी कतारें लगने के कारण हाईवे दोनों ओर से काफी तंग हो गया है।

बताया जा रहा है कि सड़क के दोनों किनारों पर भारी वाहनों के खड़े रहने से आने-जाने वाले वाहनों को निकलने में परेशानी हो रही है। खासकर आमने-सामने से आने वाले वाहनों को जगह कम मिलने के कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि इन वाहनों के कारण यहां पर कई वार दुर्घटनाए लोग अपनी जान भी गवा बैठे हैं , परन्तु संबंधित अधिकारी बे खबर नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे के दोनों ओर बड़ी संख्या में ट्रक




खड़े रहते हैं, जिससे सड़क का काफी हिस्सा घिर जाता है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है। ट्रकों की लंबी कतार के चलते मार्ग पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि हाईवे के दोनों ओर खड़े ट्रकों को हटवाकर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि यातायात सुचारू रहे और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# वीबी-जी राम-जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर, दिया गया प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** बुधवार 2 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश तथा मुख्य विकास अधिकारी

**प्राक्कलन गठन एवं मापांकन की प्रक्रिया की दी गई जानकारी**

गोरखनाथ भट्ट के निर्देशन एवं जिला विकास अधिकारी राम आशीष की अध्यक्षता में वीबी-जी राम-जी योजना के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में टीए, एपीओ (मनरेगा), जेई (आरईडी) एवं जेई (एमआई) को योजना के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग राम गोपाल बंसल एवं मदन पाल द्वारा प्रतिभागियों को प्राक्कलन गठन एवं



मापांकन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा योजना के अंतर्गत कार्यों के प्राक्कलन तैयार करने, तकनीकी प्रक्रियाओं का पालन करने तथा मापांकन कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण का उद्देश्य संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को योजना के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराते हुए कार्यों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र वाशिक गलत संगत में पड़ गया है मेरे वह मेरे परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज करता है इससे मैने संबंध विच्छेद कर लिए हैं इसके किसी भी कृत्य के लिए मैं वह मेरे परिजन जिम्मेदार नहीं होंगे यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैंने इसको अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।

**जाहिद पुत्र कल्लू निवासी तुतीपुर इल्हा तहसील व जिला संभल**

# ग्राम पंचायत पर की गई समीक्षा बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई ।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत रम्पुरा में न्याय पंचायत स्तर पर विशेष रूप से ठ फछ ट वीबी जी राम जी ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों तथा अन्य



विभागीय योजनाओं/ कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा न्याय पंचायत स्तर पर द्वारा जानकारी दी गई बैठक में समस्त सहायक विकास अधिकारी ग्राम सचिव ग्राम पंचायत प्रशासक बीएमएम पंचायत सहायक ग्राम रोजगार सेवक समूह सखी बैंक सखी कृषि सखी अन्य समूह की दीदियां अन्य ग्राम वासी उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सम्भल**

पत्र संख्या 935/ नि0वि0/2026 दिनांक 02.09.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

विदित हो कि 15 वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अधीन वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनटाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत बजट आवंटित शासनादेश स0 8/1058/320(6)/15 वां0 वि0आ0/2025-26, लखनऊ, दिनांक 22 जनवरी 2026 के द्वारा एंव आदेश सख्या 8/1058/320(6)/15वाँ वि0आ0/2025-26 लखनऊ दिनांक 22 जनवरी 2026 एवं 15वाँ वित्त आयोग की वित्तीय वर्ष 2021-22 की प्रथम अनटाइड ग्रान्ट एवं द्वितीय अनटाइड ग्रान्ट तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय ग्रान्ट तथा वर्ष 2023-24 द्वितय अनटाइड ग्रान्ट फरवरी माह 2026 तक नगर पालिका परिषद, सम्भल को आवंटित धनराशि से स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यों की ई-निविदा दिनांकः- 11-09-2026 को 01:00 PM बजे तक आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| क्र0 स0 | नगर पालिका / NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 03.09.2026 10 AM | |
| 02 | | Tender Download | 03.09.2026 10 AM | |
| 03 | | Bid Submission | 03.09.2026 10 AM | |
| 04 | Close of Bid | | | 11.09.2026 1:00 PM |
| 05 | Bid Openining | | | 11.09.2026 2:00 PM |

वेबसाईड http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**संभल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**संभल**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सम्भल**

पत्र संख्या 937/ नि0वि0/2026 दिनांक 02.09.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के 'सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 19 मार्च, 2026 सख्या-764/2026/नौ-5-2025/001-Com.No. 2032130 के द्वारा 23 नाले के निर्माण कार्यों के लिए कार्यों योजना के अनुसार धनराशि 674.79 के सापेक्ष प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रथम किश्त के रूप में इस निकाय को कुल अंकन 200.00 (दो करोड) की धनराशि प्राप्त हुई है। शेष धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में प्राप्त होने पर सम्पूर्ण कार्य होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। नगर पालिका परिषद सम्भल को आवंटित धनराशि से स्वीकृत नाला निर्माण कार्यों की ई-निविदा दिनांक 11.09.2026 को 01:00 PM बजे तक आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| क्र0 स0 | नगर पालिका / NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 03.09.2026 11 AM | |
| 02 | | Tender Download | 03.09.2026 11 AM | |
| 03 | | Bid Submission | 03.09.2026 11 AM | |
| 04 | Close of Bid | | | 11.09.2026 1:00 PM |
| 05 | Bid Openining | | | 11.09.2026 2:00 PM |

वेबसाईड http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**संभल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**संभल**

# आउटसोर्स कर्मियों को मिला बढ़े पारिश्रमिक और बेहतर सेवा सुविधाओं का तोहफा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में आउटसोर्स कर्मियों के हितों को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोकभवन के प्रेक्षागृह से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम

**बुलंदशहर के निकुंज हॉल में हुआ लखनऊ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण, करीब 500 आउटसोर्स कर्मियों ने लिया भाग**

(UPCOS) के लोगो का अनावरण करते हुए वेबसाइट एवं पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान आउटसोर्स कर्मियों के बढ़े हुए पारिश्रमिक सहित सेवा संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का जनपद






बुलंदशहर के निकुंज हॉल, नुमाइश ग्राउंड में लाइव प्रसारण कराया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों एवं निकायों में कार्यरत लगभग 500 आउटसोर्स कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री द्वारा 19 सितंबर 2025 के शासनादेश के अनुरूप बढ़े हुए पारिश्रमिक की घोषणा के साथ ही आउटसोर्स कर्मियों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इनमें ईपीएफ/ईएसआईसी, कटौतियों में पारदर्शिता, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, सेवा संरक्षण, प्रशिक्षण तथा बेहतर रोजगार एवं सेवा अवसर प्रमुख रूप से शामिल रहे। नई व्यवस्था का उद्देश्य आउटसोर्स कर्मियों के मानव संसाधन प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग द्वारा संचालित इडउह योजना के लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा चेक वितरित किए गए। वहीं निकाय के सफाई कर्मियों को सुरक्षा की दृष्टि से पीपीई किट भी वितरित की गईं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंतुल तेवतिया, विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मीराज सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्रीमती दीप्ति मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी रिजवान अहमद, जिला सूचना अधिकारी चांद मियां सिद्दिकी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/पीओ डूडा डॉ.अश्वनी कुमार सिंह, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पीयूष चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को लेकर आउटसोर्स कर्मियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कर्मचारियों ने सरकार की इस पहल को उनके पारिश्रमिक, सामाजिक सुरक्षा और सेवा हितों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।


# बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को मारी जोरदार टक्कर, दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** नवीन फल-सब्जी मंडी के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतकों की पहचान हीरालाल और दिनेश के रूप में हुई है। दोनों अरनिया थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल





युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं, दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

# प्रेम संबंध और संपत्ति के लालच में पति की हत्या, देवर-भाभी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव खेतलपुर भांसोली में सुमित कुमार की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए उसकी पत्नी और मृतक के भाई को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और पूरी संपत्ति पर कब्जा करने के इरादे से दोनों ने मिलकर सुमित की गला दबाकर हत्या कर दी।

पुलिस के मुताबिक, 31 अगस्त को सुमित कुमार की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसके शव को रस्सी से बांधकर कुंदे से लटका दिया गया था। मामले में मृतक के पिता किशनपाल सिंह की तहरीर पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान मृतक की पत्नी काजल से पूछताछ की गई, जिसमें उसके देवर उमेश का नाम सामने आया। पुलिस ने बुधवार को काजल और उमेश को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया पुलिस का कहना है कि पूछताछ में सामने आया कि काजल और उमेश के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों ने सुमित को रास्ते से हटाकर उसकी संपत्ति पर कब्जा करने की योजना बनाई और कथित तौर पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक रविरतन सिंह के साथ उपनिरीक्षक कुलदीप, अंशुल कुमार, अमित कटेरिया सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# जानलेवा हमले में छह आरोपी गिरफ्तार, बाल अपचारी भी पुलिस अभिरक्षा में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कोतवाली नगर क्षेत्र में होटल पर खाना खाने गए युवक पर गोली चलाकर घायल करने के मामले में पुलिस ने छह वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया आरोपियों की निशानदेही और कब्जे से एक देशी पिस्टल, दो अवैध तमंचे तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए पुलिस के अनुसार, 31 अगस्त को प्रिन्स राज गुप्ता अपने साथी के साथ नहर स्थित एक होटल में खाना खाने गया था। आरोप है कि वहां कुछ युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज की और गोली मारकर उसे घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था मामले की जांच के दौरान पुलिस ने प्रशान्त चौधरी, निखिल उर्फ



निक्कू, विशाल कुमार शर्मा, दक्ष शर्मा उर्फ लकी, राम उर्फ सुभ्रांत शर्मा और मुकुल जूडो को गिरफ्तार किया। इसके अलावा एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया पुलिस ने आरोपियों के कब्जे/निशानदेही से एक देशी पिस्टल के साथ एक जिंदा कारतूस तथा दो अवैध तमंचों के साथ दो जिंदा कारतूस बरामद किए पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में कई के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# एसएसपी के आदेश पर गुलावठी पुलिस ने चलाया डग्गामार वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी ।** एसएसपी के आदेश पर गुलावठी पुलिस ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में शहीद स्मारक और ढोलाना अड्डे पर पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की।

अभियान के दौरान डग्गामार बसों, ऑटो और ई-रिक्शा को रोककर उनके दस्तावेज, फिटनेस समेत अन्य जरूरी कागजात की जांच की गई। जांच के दौरान कई वाहनों की फिटनेस फेल मिली। वहीं, स्कूली बच्चों को ले जाने वाले कुछ वाहनों की फिटनेस भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान करीब 80 से 90 वाहनों के चालान किए गए, जबकि कई ऑटो और ई-रिक्शा को सीज किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से डग्गामार वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों और वाहन की फिटनेस से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। चेकिंग अभियान के दौरान कस्बा इंचार्ज आनंद कुमार, सौरभ कुमार, संदीप कुमार समेत पुलिस बल मौजूद रहा।





# काउंसलिंग के बाद 3 दंपतियों में सुलह, साथ रहने को हुए राजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** परिवारिक विवादों के चलते अलग रह रहे तीन दंपतियों के बीच परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलिंग के बाद सुलह हो गई। दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने और नए सिरे से दांपत्य जीवन शुरू करने पर सहमति जताई एसएसपी बुलंदशहर के निर्देशन में वैवाहिक विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए परिवार परामर्श केंद्र डिबाई और थाना अगौता पुलिस द्वारा लगातार काउंसलिंग की जा रही है।

इसी क्रम में बुधवार को पति-पत्नी से जुड़े पारिवारिक विवाद के तीन मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं।

काउंसलरों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए आपसी विवाद समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। बातचीत के बाद तीनों मामलों में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सुलह-समझौता कर लिया। दंपतियों ने एक-दूसरे को विश्वास दिलाया कि वे बीती बातों को भुलाकर आपसी प्रेम और विश्वास के साथ जीवन व्यतीत करेंगे।

परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने तीनों दंपतियों को नवजीवन की नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में आपसी विवादों से बचते हुए प्रेम एवं सौहार्द के साथ रहने की सलाह दी।







# मेघा गौतम बनी भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी काशीराम से महिला मोर्चा की अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद में अनेक पार्टी

- **सोशल मीडिया पर अनेक पदाधिकारीयों ने दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**
- **पार्टी द्वारा शीघ्र किया जाएगा स्वागत समारोह**

एवं संगठन के पदाधिकारीयों में बदलाव देखने को मिल रहा है ऐसे में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में पीछे नहीं है जिसके पदाधिकारी द्वारा ईमानदार और कर्मठ लोगों को अपनी पार्टी में जगह दे रहे जिससे संगठन या पार्टी को अधिक मजबूती से आगे बढ़ाया जा सके और लोगों के अनेक समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जा सके।

विमलेश सिंह सागर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा द्वारा मेघा गौतम पत्नी माईकल निवासी मुफ्ती वाडा शिकारपुर जनपद बुलंदशहर को शिकारपुर विधानसभा अध्यक्ष महिला मोर्चा बनाया गया जिन्हें नियुक्ति पत्र देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मेघा गौतम द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किये जा रहे लगातार



लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जमीन स्तर पर कार्य कर रही जिनकी कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह पद दिया गया। मेघा गौतम द्वारा बताया गया कि वह भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी काशीराम के लिए ईमानदारी से कार्य करेंगे तथा पार्टी को आगे बढ़ाने में हर संभव प्रयास करेंगे जिससे पार्टी को और भी अधिक मजबूत बनाया जा सके लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान कर कर उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके। अनेक पदाधिकारी व अन्य लोगों द्वारा बधाई देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद जिनका आभार व्यक्त करती हूं।

# बुलंदशहर पुलिस ने IGRS निस्तारण में प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** पुलिस ने एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया अगस्त 2026 में IGRS पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संदर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सीएम संदर्भ, पीजी पोर्टल तथा एसएसपी/डीएम संदर्भ से कुल 3894 शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस द्वारा इन सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया शिकायतकताओं से प्राप्त संतुष्ट फीडबैक के आधार पर बुलंदशहर पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान मिला IGRS शिकायतों के निस्तारण में जनपद के 26 थाने भी शीर्ष रैंक पर रहे। इनमें सलेमपुर, महिला थाना, नरौरा, गुलावठी, कोतवाली नगर, अरनिया, रामघाट, शिकारपुर, कोतवाली देहात, खुर्जा नगर, अनूपशहर, अगौता, खुर्जा देहात, अहमदगढ़, चोला, औरंगाबाद, डिबाई, ककोड़, नरसेना, जहांगीराबाद, स्याना, बीबीनगर, जहांगीरपुर, अहार, छतारी और सिकंदराबाद थाना शामिल हैं।



इस उपलब्धि पर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनसेवा, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, IGRS सेल में तैनात पुलिसकर्मियों और शीर्ष रैंक हासिल करने वाले थानों में IGRS निस्तारण का कार्य देखने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# परिवर्तन योजना को सफल बनाने पर जोर, स्क्रैप सेंटर व डीलरों के साथ हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** परिवर्तन योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में स्क्रैप सेंटर संचालकों एवं डीलरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के प्रभावी संचालन, लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ तथा पुराने वाहनों के उचित निस्तारण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बैठक में उपस्थित स्क्रैप सेंटर संचालकों एवं डीलरों को परिवर्तन योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि योजना का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को निर्धारित लाभ उपलब्ध कराने के साथ-साथ पुराने वाहनों के व्यवस्थित निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी बनाना है। उन्होंने संबंधित सभी पक्षों से योजना के प्रावधानों का गंभीरता से पालन करने तथा लाभार्थियों को सही एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (ठउफ) में प्रदूषण की समस्या को कम करने में पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का उचित निस्तारण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में स्क्रैप सेंटर एवं वाहन डीलरों का सहयोग योजना की सफलता के लिए बेहद जरूरी है। अधिकारियों ने संबंधित संचालकों से कहा कि योजना के तहत आने वाले लाभार्थियों को प्रक्रिया, मिलने वाले लाभ और आवश्यक औपचारिकताओं के संबंध में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहने दी जाए। साथ ही योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।



**हमला** | आरोप है कि दबंग युवक ने किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया

# गाली-गलौज का विरोध करने पर किशोर पर चाकू से हमला, हाथ की नस कटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कोतवाली शिकारपुर क्षेत्र के कस्बा शिकारपुर में गाली-गलौज का विरोध करना एक किशोर को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंग युवक ने किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में किशोर के हाथ की नस कट गई, जिसके बाद उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना को करीब एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। परिवार ने शिकारपुर पुलिस पर लापरवाही बरतने के साथ ही रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप भी लगाए परिजनों का कहना है कि आरोपी की दबंगई के चलते पूरा परिवार दहशत में है और उन्हें किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की वहीं, घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अब तक आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब देखना यह है कि पुलिस मामले में कब तक कार्रवाई करती है। मामला शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा शिकारपुर का है।






# शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा का निधन, दिल्ली के अस्पताल में ली अंतिम सांस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अनिल शर्मा का बुधवार को दिल्ली के बीएल कपूर अस्पताल में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह करीब 63 वर्ष के थे और पिछले काफी समय से कैंसर से जूझ रहे थे। दिल्ली में उनका उपचार चल रहा था। बुधवार को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही बुलंदशहर जनपद और शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

अनिल शर्मा मूल रूप से शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव सुरजावली के निवासी थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत ग्राम प्रधान के रूप में की थी। इसके बाद सक्रिय राजनीति में आगे बढ़ते हुए उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी मजबूत पहचान बनाई। वर्ष 2002 और 2007 में वह खुर्जा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। वर्ष 2017 में भाजपा के टिकट पर शिकारपुर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे और शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में उन्हें वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।



वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने उन पर भरोसा जताया और उन्होंने शिकारपुर विधानसभा सीट से दोबारा जीत दर्ज की। लंबे राजनीतिक जीवन के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन की सूचना के बाद समर्थकों, कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों में शोक व्याप्त है।

परिजनों के अनुसार, विधायक अनिल शर्मा का पार्थिव शरीर बुधवार शाम करीब सात बजे अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक आवास गांव सुरजावली लाया जाएगा। यहां बड़ी संख्या में समर्थकों और क्षेत्रवासियों के पहुंचने की संभावना है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को पैतृक गांव सुरजावली में किया जाएगा।

अनिल शर्मा के निधन पर भाजपा सहित समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके निधन को क्षेत्र और राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

विधायक के निधन की खबर के बाद शिकारपुर क्षेत्र में जगह-जगह लोग उनके राजनीतिक जीवन और क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों को याद करते नजर आए। बड़ी संख्या में समर्थकों के उनके पैतृक गांव पहुंचने की उम्मीद है।

# नाबालिग युवती से दुष्कर्म करने के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को

**नौकरी का झांसा देकर नाबालिग युवती से किया था दुष्कर्म**



पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि एसपी के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को दिल्ली रोड एटीएमएस कट के निकट से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों नौकरी का झांसा देकर नाबालिग युवती से दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम मोहसीन पुत्र शकील निवासी सिंभावली मील भोवापुर मस्तान नगर व दीनू उर्फ दिलशाद पुत्र इरशाद अली निवासी सिंभावली मील भोवापुर मस्तानगर थाना सिंभावली जनपद हापुड़ है।

# सराहना: आईजीआरएस रैंकिंग में मेरठ रेंज के चार जनपदों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान:डीआईजी

बुलन्द सदेश ब्यूरो

**हापुड़,मेरठ।** पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र द्वारा जनसुनवाई की जनपदवार समीक्षा

- डीआईजी ने जनसुनवाई में अच्छा प्रदर्शन करने वाले थाना व सर्किल की सराहना की
- लापरवाही पर थाना एवं सर्किल स्तर के अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण
- आमजन की शिकायतों का समय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है:कलानिधि

की गयी। जिसमें अगस्त माह अगस्त-2026 की आईजीआरएस की रैंकिंग में मेरठ रेंज के चारों जनपदों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर डीआईजी द्वारा सभी की सराहना की गयी।

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि माह अगस्त-2026 में परिक्षेत्रीय कार्यालय में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा में जनपद मेरठ के कोतवाली सर्किल से 28 एवं सदर देहात सर्किल से 29 सर्वाधिक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं तथा थाना लिसाड़ीगेट से 11,थाना लोहियानगर से 11 व थाना भावनपुर से सर्वाधिक 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। जनपद बुलन्दशहर के थाना बीबीनगर से 10 एवं थाना खुर्जा नगर से 11 सर्वाधिक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार जनपद हापुड़ के सर्किल हापुड़ नगर से 25 प्रार्थना पत्र तथा थाना हापुड़ नगर से सर्वाधिक 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं।

डीआईजी महोदय उक्त आंकड़ों को



गंभीरता से लेते हुए जनसुनवाई/ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं करने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी कोतवाली व सदर देहात जनपद मेरठ,क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर तथा थाना प्रभारी लोहिया नगर,लिसाड़ी गेट,भावनपुर, खुर्जा नगर, बी0बी0 नगर एवं हापुड़ नगर का स्पष्टीकरण तलब किया है । इसके अलावा थाना स्तर पर अभियोग पंजीकृत न किए जाने संबंधी आरोपों के सम्बन्ध मे थाना प्रभारी कंकरखेड़ा का स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

डीआईजी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीआईजी द्वारा निर्देशित किया कि जनसुनवाई में लापरवाही अथवा शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है। भविष्य में भी इसी तरह जनसुनवाई का डेटाबेस निरंतर बनता रहेगा।

# हर बारिश में जलमग्न होता पिलखुवा, नालियों का पानी सड़कों पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** बुधवार को हुई बारिश के बाद एक बार फिर शहर की जलनिकासी व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई। बारिश के बाद शहर की सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया। कई मोहल्लों में नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता नजर आया। इससे राहगीरों के साथ स्थानीय दुकानदारों और निवासियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।





मोहल्ला अशोक नगर की मुख्य सड़क पर भी जलभराव की स्थिति बनी रही। वार्डवासियों के अनुसार, नालियों के पानी की निकासी को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। बारिश होते ही पुरानी समस्या फिर सामने आ जाती है।जलभराव की जानकारी मिलने पर वार्ड-07 के सभासद नरेश भारती मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्वयं नाले की सफाई में जुट गए। सभासद ने कहा कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने के लिए अधिकारियों के समक्ष मामला रखा जाएगा।लोगों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति पैदा होती है। लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर पिलखुवा कब तक जलभराव की समस्या से जूझता रहेगा। उन्होंने नगर पालिका से नालियों की नियमित सफाई, पानी की निकासी के पर्याप्त इंतजाम और जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# विद्यालयों की स्थिति सुधारने के लिए आप प्रदेश प्रवक्ता बीएसए को सौंपेंगे ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** प्राथमिक विद्यालयों की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की तैयारी की है। पार्टी कार्यकर्ता विद्यालयों की समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। इस संबंध में परतापुर रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।




बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पश्चिमी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान ने बताया कि प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर प्रदेशभर में प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय कार्यकर्ता विद्यालयों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी जुटाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में जर्जर भवन, बिजली और पेयजल की सुविधा, शौचालय, सफाई व्यवस्था तथा मिड-डे मील जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर स्थिति की जानकारी ली जाएगी। सामने आने वाली समस्याओं को संकलित कर बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखा जाएगा।

सीएम चौहान ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से विद्यालयों का निरीक्षण कराने, कमियों को दूर करने तथा आवश्यक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिलना जरूरी है।

बैठक में नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा, विनोद सैनी, नीरज अत्रे, शकील अहमद, इमरान खान, चतर सिंह, कलुआ, बुद्ध प्रकाश, विपिन कुमार, मनीष कुमार, उज्ज्वल शर्मा, सुरेंद्र तेवतिया और राजीव शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों व मजदूरों की समस्याओं का समाधान किया जाये: ठा.भवेन्द्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व मंडल महासचिव ठा.भवेन्द्र सिंह शिशौदिया के नेतृत्व में पदाधिकारियों व किसानों ने उपजिलाधिकारी को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर किसानों व मजदूरों की

**उपजिलाधिकारी को भाकियू नेताओं ने सौंपा 5 सूत्रीय मांग पत्र**





समस्याओं समाधान कराने की मांग उठाई है।

उपजिलाधिकारी को दिये मांग पत्र में भाकियू नेताओं व किसानों ने कहा कि किसानों को गन्ना भुगतान ब्याज सहित कराने,सर्वे फेल होने पर गांव डहाना का दुबारा सर्वे कराने जिससे गांव वालों को घरौनी उपलब्ध हो सके,गांव नंदपुर में मनोहर लाल शर्मा के निकट दो जर्जर विद्युत पोलों को तत्काल बदलवाने,गांव निधावली में ब्लाक धौलाना मैन रोड से हसनु के मकान तक जल भराव की समस्या से निजात दिलाने को रास्त बनवाने व अतीक अहमद निवासी देहरा की दादा लाई जमीन को खसरा संख्या में दर्ज है,खतौनी में दर्ज कराया जाये।

इस अवसर पर योगेश राणा,सतेन्द्र चौधरी, अतीक, अहमद अली, सुधीर, प्रदीप, सोनू, राम कुमार शर्मा, मौ.साजिद, खालिद, वकील आदि मौजूउ रहे।

# 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षण योग में मनाई जाएगी: पंडित सुबोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** देवलोक कॉलोनी स्थित श्री ज्योतिष कार्यालय के ज्योतिर्विद पंडित सुबोध पाण्डेय ने बताया ज्योतिषशास्त्र एवं वैदिक पंचांग के अनुसार भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रतोउत्सव 04 सितंबर


**बच्चों,बुजुर्गों,गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्ति को कठोर निर्जल व्रत नहीं रखना चाहिए**

दिन शुक्रवार को शास्त्रोक्त मनाई जाएगी। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 03/04सितंबर की रात्रि02 बजकर 25 मिनट बजे से शुरू होकर 04/05 सितंबर की मध्यरात्रि 12 बजकर 13 मिनट बजे तक रहेगी। इस उत्सव के लिए सूर्योदय का न विचार कर बल्कि मध्य रात्रि जिस दिन अष्टमी मिले उसी दिन उत्सव मनाना शास्त्रोक्त हैं।

उन्होंने बताया कि 4 सितम्बर दिन शुक्रवार के मध्य रात्रि में अष्टमी तिथि प्राप्त हो रहा हैं।अतः इसी दिन व्रतोउत्सव शास्त्रोक्त हैं !शास्त्रों में भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि में बताया गया हैं । इसलिए जन्माष्टमी पर दिनभर व्रत और भगवान का स्मरण करके मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने की परंपरा हैं।

ज्योतिर्विद प्रीति पाण्डेय ने बताया इस दिन हर्षण योग बन रहा है,तथा इस पूजन में निशीथ काल का समय महत्वपूर्ण हैं रात्रि 11 बजकर 40 मिनट बजे से रात्रि 12 बजकर 26 मिनट बजे तक का समय अत्यंत महत्वपूर्ण पूजन मुहूर्त हैं !जन्माष्टमी का व्रत केवल भोजन न करने का नियम नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य






भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति, मन की शुद्धि, इन्द्रिय संयम और आध्यात्मिक साधना हैं। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति के लिए भक्त दिनभर भगवान का नाम-स्मरण,जप,भजन और कथा करते हैं तथा मध्यरात्रि में भगवान के प्राकट्य का उत्सव मनाते हैं। मन और इन्द्रियों पर संयमव्रत के माध्यम से व्यक्ति अपनी इच्छाओं और इन्द्रियों पर नियंत्रण का अभ्यास करता हैं। आत्मशुद्धि के लिए धार्मिक मान्यता हैं, कि श्रद्धा से किया गया व्रत व्यक्ति को अपने भीतर के दोष,क्रोध, लोभ,अहंकार और द्वेष को कम करने की प्रेरणा देता है।भगवान के प्रति समर्पण व्रत का भाव हैं,श्रीकृष्ण ने कर्म, धर्म, भक्ति और सत्य का संदेश दिया।

ज्योतिर्विद प्रीति पाण्डेय ने सभी भक्तों से आग्रह किया बच्चों,बुजुर्गों,गर्भवती महिलाओं या किसी बीमारी/दवा की आवश्यकता वाले व्यक्ति को कठोर निर्जल व्रत नहीं करना चाहिए। धार्मिक व्रत में अपनी शारीरिक क्षमता का ध्यान रखना आवश्यक हैं।

# प्रतिदिन भक्तामबर पाठ करने से शारीरिक व मानसिक रोग दूर होते है : शास्त्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कसेरठ बाजार पर 48 दिन से चल रहे भक्तामबर पाठ का बुधवार प्रातःकाल भक्तामबर विधान मंडल पाठ के साथ समापन हो गया।



विधान पाठ को हस्तिनापुर से आए जैन विद्वान दीपक जैन शास्त्री ने सम्पन्न कराया। प्रातःकाल अभिषेक पूजन शान्तिधारा के उपरांत भक्तामबर विधान मंडल पाठ मे बड़ी संख्या में जैन भक्तों ने श्रद्धापूर्वक बैठकर पूजन किया।

जैन विद्वान दीपक जैन शास्त्री ने कहा कि भक्तामबर स्रोत में 48 श्लोक हैं,प्रतिदिन इसका पाठ करने से शरीर के शारीरिक और मानसिक रोग दूर होते हैं,मन शांत व पवित्र बनता है। घर परिवार में सुख, ऐश्वर्य की वृद्धि होती है,अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। जैन मंदिर में 48 दिनों तक प्रतिदिन सायंकाल भक्तामबर पाठ में बड़ी संख्या में जैन भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पूजा की है।

इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन, महामंत्री अशोक जैन,कोषाध्यक्ष सुखमाल जैन, संरक्षक अनिल जैन,राजीव जैन, विकास जैन,सुरेश चन्द जैन, सुशील जैन,बबीता जैन,ममता जैन,मगन जैन,मंजू जैन, रेणुका जैन,सुषमा जैन,मधु जैन,सपना जैन,रेणु जैन, कमलेश जैन,सुमन जैन,सुनीता जैन,हर्षिता जैन,ऋचा जैन, रति जैन,बिन्दु जैन,वन्दना जैन,नीरू जैन, प्रियंका जैन,राजरानी जैन सहित अनेक जैन भक्त उपस्थित हुए।

# शिक्षक ने एसपी से लगाई गुहार : विभाग की छवि धूमिल करने वाले शिक्षक पर रिपोर्ट दर्ज की जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के भंडगपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक आनंद कुमार सैनी ने पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह को प्रार्थना-पत्र देकर वीडियो वायरल करने वाले शिक्षक पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। उधर जांच अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी ने वीडियो वायरल करने के आरोपी शिक्षक को नोटिस जारी किया है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक आनंद कुमार सैनी ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में कहा है,कि पूठा हुसैनपुर में तैनात सहायक अध्यापक अशोक कुमार ने गत 22 अगस्त को धौलाना तहसील कार्यालय में बीएलओ कार्य के दौरान उनका चोरी-छिपे वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया,जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई और उन्हें झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की गई। यह कृत्य राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है।

शिक्षक का आरोप है कि उन्होंने 29 अगस्त को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी,जिलाधिकारी कविता मीना और मुख्य विकास अधिकारी श्रुति

- दूसरे शिक्षक पर चोरी-छुपे वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप,
- सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने से विभाग की छवि धूमिल हुई

शर्मा को इस संबंध में शिकायत देकर अशोक कुमार के खिलाफ एफआईआर और विभागीय कार्रवाई की मांग की थी और स्वयं को बचाव का अवसर देने का अनुरोध किया था।

लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता ने बिना उनका पक्ष सुने और बिना स्पष्टीकरण मांगे एक पक्षीय जांच रिपोर्ट बीएसए को भेजकर निलंबन की संस्तुति कर दी। जिसके आधार पर 31 अगस्त को उन्हें निलंबित कर उच्च प्राथमिक विद्यालय सुहेल गढ़मुक्तेश्वर से संबद्ध कर दिया गया।

शिक्षक आनंद सैनी ने आरोप लगाया कि अशोक कुमार पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई,जबकि उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की गई,जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

उन्होंने एसपी से मांग की है कि अशोक कुमार के खिलाफ वीडियो बनाकर वायरल करने और विभाग की छवि धूमिल करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई जाए और योगेश गुप्ता की एकपक्षीय शिकायत पर कार्रवाई न कर किसी अन्य अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को 5 वर्ष कारावास व 5 हजार का अर्थदंड लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** न्यायालय ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया गया। शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 24 अप्रैल




2022 को अभियुक्त अनिल पुत्र काले निवासी ग्राम बागड़पुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें सम्बंध में थाना बहादुरगढ़ में मुकदमा पंजीकृत किया गया। 7 मई 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को न्यायालय एडीजे स्पेशल पॉक्सो एक्ट प्रथम द्वारा अभियुक्त को पांच वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा, 15 हजार रुपये जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत सरधना पुलिस और कोर्ट पैरोकार की प्रभावी पैरवी के चलते दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने आरोपी पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

पुलिस के अनुसार, 8 मई 2022 को एक महिला ने थाना सरधना में तहरीर देकर ग्राम जुल्हैड़ा निवासी सुमित पुत्र चरन सिंह पर शादी का झांसा देकर करीब तीन साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने और घटना के बारे में किसी को बताने पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी भी देता था।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना तत्कालीन उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह ने की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद विवेचना पूरी कर 6 दिसंबर 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशन में सरधना पुलिस, अभियोजन पक्ष और कोर्ट पैरोकार ने मामले में लगातार प्रभावी पैरवी की।

**रिलायंस जमीन मामला** — सरकार अब जमीन अपने अधीन लेकर किसानों को देगी मुआवजा

# रिलायंस द्वारा अधिग्रहीत जमीन का किसानों मुआवजा मिलने की जगी उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** जनपद की धौलाना विधानसभा क्षेत्र के सात गांवों के किसानों के लिए लंबे समय से चले आ रहे जमीन मुआवजे के विवाद के समाधान का रास्ता साफ हो गया

- मुख्यमंत्री के समक्ष पूर्व सांसद ने कई बार उठाया था रिलायंस जमीन का मामला,
- रिलायंस ने सात गांवों की जमीन अधिग्रहित की थी

है। रिलायंस द्वारा वर्षों पहले अधिग्रहीत की गई किसानों की जमीन के बदले अब किसानों को मुआवजा मिलने की उम्मीद जगी है। सरकार इस फैसले से किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गयी है।

जिले की धौलाना तहसील क्षेत्र के सात गांवों की भूमि रिलायंस द्वारा अधिग्रहित करने का मामला पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद्र तोमर और उनके पुत्र विकास तोमर लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाते आ रहे हैं। किसानों की समस्या को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से कई बार मुलाकात कर इस मामले के स्थायी समाधान की मांग की थी।



गत मंगलवार को पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई मुलाकात में एक बड़ा निर्णय सामने आया। लंबे समय से अपनी जमीन के मुआवजे की प्रतीक्षा कर रहे किसानों के लिए यह फैसला बड़ी खुशी का विषय है।

मुख्यमंत्री ने डॉ. रमेश चंद्र तोमर के समक्ष स्पष्ट किया कि रिलायंस द्वारा अधिग्रहीत जमीन को अब सरकार अपने अधीन लेगी और इसके बदले संबंधित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। इस मामले से संबंधित फाइल पर मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान ही दस्तखत कर दिए ।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से धौलाना क्षेत्र के सात गांवों के किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद्र तोमर और भाजपा नेता विकास तोमर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की यह समस्या लंबे समय से उनके संज्ञान में थी और वे लगातार इसके समाधान के लिए प्रयासरत थे। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है।

बताया जा रहा है कि इस फैसले से उन किसानों को राहत मिलेगी,जिनकी जमीन रिलायंस परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई थी और लंबे समय से मुआवजे का मामला लंबित था। सरकार के इस फैसले से धौलाना विधानसभा क्षेत्र के सात गांवों में किसानों के बीच खुशी की लहर है और वर्षों से लंबित मुआवजे के मामले के समाधान की उम्मीद मजबूत हुई है।

# अलीगढ़ में शुरू होने जा रहा व-19 क्रिकेट टूर्नामेंट, 10 सितंबर से ट्रायल और 19 सितंबर से होंगे मुकाबले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से एक बड़े U-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के मुकाबले डी.एस. कॉलेज, अलीगढ़ में आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में Planet News India मीडिया पार्टनर की भूमिका निभा रहा है।

टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर आयोजक पवन कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों के चयन के लिए 10 सितंबर 2026 से ट्रायल शुरू होंगे। ट्रायल का समय सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया है।

आयोजक के अनुसार, खिलाड़ियों के चयन के बाद 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे के बाद ऑक्शन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद टूर्नामेंट के मुख्य मुकाबलों की शुरूआत 19 सितंबर 2026 को सुबह 8 बजे से होगी।

**युवा खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच**

आयोजकों का कहना है कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य अंडर-19 खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का अनुभव देने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को सामने लाना है। ट्रायल और ऑक्शन के जरिए खिलाड़ियों को टीमों में शामिल किया जाएगा, जिसके बाद टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जाएंगे।

इस मौके पर La Chef से गोविंद सिंह रावत और तान्या शर्मा ने भी टूर्नामेंट को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना जरूरी है।

Sponsored ByLA CHEF,



Harsh Udyan Resort, Ozone City, Sangwan Group, Shibboo ji kachori Wings & Own, Lintong, BNNS Manohar Traders और Vivekanand College सहित अन्य प्रायोजक।

आयोजकः Hunar Ki Maharath
डायरेक्टरः Pawan Saini

**टूर्नामेंट की महत्वपूर्ण तारीखें**

10 सितंबरः खिलाड़ियों के ट्रायल – सुबह 11 बजे से
14 सितंबरः ऑक्शन – दोपहर 2 बजे के बाद
19 सितंबरः टूर्नामेंट की शुरूआत – सुबह 8 बजे से
स्थानः डी.एस. कॉलेज, अलीगढ़

युवा क्रिकेटरों के लिए यह टूर्नामेंट अपनी प्रतिभा साबित करने और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हो सकता है।

## पूर्व विधायक डॉ. अनवार खां का निधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अतरौली के पूर्व विधायक डॉक्टर अनवार खां का मंगलवार देर रात 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुत्र शाकिब अनवार और नवेद अनवार को सांत्वना देने के लिए बुधवार को लोगों का तांता लगा रहा। अतरौली विधानसभा क्षेत्र को उन्होंने अपनी कर्मस्थली बनाया और दशकों तक यहां की राजनीति में सक्रिय रहे।




डॉ. अनवार खां का राजनीतिक सफर 1957 में नगर पालिका के सभासद बनने से शुरू हुआ। वह लगातार करीब 20 वर्ष तक सभासद रहे। इसके बाद उन्होंने विधानसभा की राजनीति में कदम रखा। वर्ष 1974 में बीकेडी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जनसंघ प्रत्याशी कल्याण सिंह से कुछ ही वोटों से हार गए। 1977 में भी बीकेडी से चुनाव लड़ा, लेकिन सफलता नहीं मिली। वर्ष 1980 में कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री कल्याण सिंह को हराकर पहली बार विधानसभा का चुनाव जीता।

## हिंदी दिवस पर साहित्य और सिनेमा होंगे आमने-सामने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** हिंदी दिवस के साहित्यिक पखवाड़े के अवसर पर साहित्य और सिनेमा का एक अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। नई दिल्ली में 7 सितंबर को राष्ट्रीय साहित्यिक संवाद के साथ ह्राष्ट्रीय हिंदी साहित्य सम्मान ह्र2026ह्र समारोह आयोजित होगा। धर्मसूत्र प्रोडक्शन के तत्वावधान में नुवॉइस प्रकाशन एवं पेंगुइन रैंडम हाउस के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व के प्रथम त्रिआयामी गीत-महाग्रंथ की अभिनव साहित्यिक विधा के जनक, प्रख्यात गीतकार, साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. अवनीश राही उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी सिनेमा के चर्चित फिल्म अभिनेता सुदेश बेरी होंगे। राष्ट्रीय साहित्यिक संवाद में सुदेश बेरी डॉ. राही से उनके महाग्रंथ मैं भूख हूँ एक युग-काव्य-संहिता (रोटी से राष्ट्र तक की वेदना) पर 14 सवाल करेंगे। बॉर्डर, आर्मी, वीरगति और एलओसी कारगिल जैसी फिल्मों में अपने सशक्त किरदारों को पर्दे पर जीवंत कर चुके सुदेश बेरी के सवालों के माध्यम से साहित्य और सिनेमा के बीच संवाद के साथ मनुष्य, समाज, संवेदना, न्याय, अस्तित्व और राष्ट्रबोध से जुड़े व्यापक प्रश्न सामने आएंगे। इसी अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. अवनीश राही को हिंदी साहित्य में उनके योगदान तथा ह्मैं भूख हूँ की त्रिआयामी अभिनव साहित्यिक विधा के सृजनात्मक अवदान के लिए ह्राष्ट्रीय हिंदी साहित्य सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि एवं प्रख्यात फिल्म अभिनेता सुदेश बेरी डॉ. राही को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न व शॉल ओढ़ाकर प्रदान कर सम्मानित करेंगे।




# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्रीराधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** विकास क्षेत्र लोधा के कम्पोजिट विद्यालय बिनूपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्रीराधा-कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश चन्द्र के निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों ने राधा और श्रीकृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ का परिचय दिया।

नन्हे-मुन्ने बच्चे आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे तो पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय नजर आया। बाल कलाकारों ने मुकुट, बांसुरी, मोरपंख, पीतांबर तथा राधा के पारंपरिक परिधान धारण कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों के मनमोहक रूप और उत्साह ने विद्यालय के वातावरण को आनंदमय बना दिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और श्रीकृष्ण के जीवन एवं आदर्शों से परिचित कराने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि विकसित होती है। संचालन शिक्षामित्र सुरेंद्रपाल सिंहने किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष राजपाल सिंह, विमला देवी, सायरा बानो, पूरन देवी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।



# रोरावर में महिला ने पुलिस टीम को बनाया बंधक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बुधवार को रोरावर थाना क्षेत्र में गिरफ्तारी के लिए दबिश देने पहुंची पुलिस टीम को गोशाला के पीछे नई कालोनी में एक महिला ने क्राइम इंस्पेक्टर और दो पुलिस कर्मियों को घर के अंदर बंधक बना लिया। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर सूचना पुलिस अधिकारियों तक पहुंची। सूचना पर सीओ और एसपी सिटी समेत चार थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और घर के गेट की कुंडी तोड़कर पुलिसकर्मियों को बंधन मुक्त कराया।



बताते हैं कि पुलिस टीम न्यायालय से जारी गिरफ्तारी आदेश के आधार पर एक आरोपित को पकड़ने के लिए दबिश देने गई थी। इसी दौरान महिला ने पुलिसकर्मियों को घर के अंदर रोक लिया और बाहर से गेट बंद कर दिया। काफी देर तक पुलिसकर्मियों के बाहर नहीं आने पर पुलिस महकमे में खलबली मच गई। चार थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। अधिकारियों की मौजूदगी में घर का गेट खोलने का प्रयास किया गया। महिला के विरोध के बीच पुलिस ने गेट की कुंडी तोड़कर अंदर फंसे क्राइम इंस्पेक्टर और दोनों सिपाहियों को बाहर निकाला। इस दौरान महिला ने घर के बाहर भी काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा किया। पुलिस और महिला के बीच नोकझोंक की स्थिति बनी रही। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। मामले में पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डंपर चालक ने सीओ की गाड़ी पर की चढ़ाने की कोशिश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कोतवाली इगलास क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कस्बा बेसवा में एक बड़ी वारदात सामने आई है। अवैध खनन का मलबा लेकर जा रहे एक डंपर चालक ने गश्त कर रहे क्षेत्राधिकारी इगलास की गाड़ी पर डंपर चढ़ाने का दुस्साहस किया। हालांकि, पुलिस की सतर्कता और तत्परता के चलते बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने पीछा कर डंपर को कब्जे में ले लिया है और मौके से चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।



बुधवार दोपहर क्षेत्राधिकारी इगलास कमलेश कुमार अपने क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान, कस्बा बेसवा स्थित एक ईंट भट्ठे से खनन सामग्री भरकर एक डंपर तेजी से इगलास की ओर जा रहा था। रास्ते में डंपर से लगातार सड़क पर मलबा बिखर रहा था। जब सीओ कमलेश कुमार की नजर इस पर पड़ी, तो उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपनी गाड़ी डंपर के पीछे लगा दी ताकि उसे रोका जा सके। पुलिस की गाड़ी को अपने पीछे देखकर डंपर चालक बौखला गया। उसने गाड़ी रोकने के बजाय उसकी रफ्तार और बढ़ा दी और पुलिस की गाड़ी पर ही डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। चालक की इस खतरनाक हरकत से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन गनीमत रही कि क्षेत्राधिकारी और उनके सुरक्षाकर्मियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए डंपर का पीछा किया और उसे रोककर अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने कुल चार लोगों को हिरासत में लिया है, जो सभी आसपास के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं।

## खत्रीपाड़ा में निजी भवन की छत पर लग रहा टावर, आसपास चार स्कूल होने से बढ़ी चिंता

# घनी आबादी में मोबाइल टावर लगाने पर उठे सवाल, जांच की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** नगर के घनी आबादी वाले मोहल्ला खत्रीपाड़ा में निजी भवन की छत पर लगाए जा रहे मोबाइल टावर को लेकर मोहल्लेवासियों ने विरोध जताते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि टावर जिस स्थान पर लगाया जा रहा है, उसके आसपास घनी आबादी के साथ चार स्कूल भी स्थित हैं। ऐसे में यह जांच का विषय है कि क्या टावर लगाने में उत्तर प्रदेश सरकार की निर्धारित गाइडलाइन और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि टावर लगाने से पहले संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति और एनओसी ली जानी चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार, नगर पालिका परिषद अतरौली से टावर लगाने के संबंध में एनओसी नहीं ली गई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभागीय अभिलेखों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका, तहसील प्रशासन और दूरसंचार से



संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर टावर लगाने की पूरी प्रक्रिया की जांच करें। विशेष रूप से यह देखा जाए कि भवन की छत टावर का भार सहने में सक्षम है या नहीं और इसके लिए स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी प्रमाणपत्र लिया गया है या नहीं।

**गाइडलाइन के अनुसार हो जांच**

मोहल्लेवासियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार की टावर संबंधी गाइडलाइन में घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्रों में टावर लगाने के मामले में सावधानी बरतने और जहां तक संभव हो ऐसे स्थानों से बचने की बात कही गई है। ऐसे में अधिकारियों को यह भी जांचना चाहिए कि खत्रीपाड़ा में प्रस्तावित टावर के लिए निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन किया गया है अथवा नहीं।

**चार स्कूलों की मौजूदगी से बढ़ी चिंता**

टावर स्थल के आसपास चार स्कूल होने के कारण स्थानीय लोगों ने मामले को और गंभीरता से लेने की मांग की है। उनका कहना है कि स्कूलों और घनी आबादी के बीच टावर लगाने से पहले सभी तकनीकी, भवन सुरक्षा और प्रशासनिक मानकों की जांच आवश्यक है।

## एएमयू के नर्सिंग कॉलेज में ओव्यूलेशन किट और प्रजनन क्षमता पर जागरूकता कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के नर्सिंग कॉलेज में सम्मेलन कक्ष में ह्ओव्यूलेशन किट और प्रजनन क्षमता संबंधी जागरूकताह्र विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ओव्यूलेशन, प्रजनन क्षमता की अवधि, ल्यूटिनाइजिंग हार्मोन में वृद्धि तथा ओव्यूलेशन किट के सही उपयोग और परिणामों को समझने के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को जांच की प्रक्रिया और परिणामों की सही व्याख्या से परिचित कराने के लिए व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने प्रजनन क्षमता और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े अपने सवाल पूछे तथा विशेषज्ञों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर जे. एन. सोनजा और ट्यूटर महविश मसीह ने किया, जबकि दानिया हुसैन ने रिसोर्स पर्सन के रूप में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. फरहा आजमी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बी.एससी. नर्सिंग के सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। मोहम्मद रेहान और जरनिगार ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि नंदिनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिला ने होटल मालिक और स्टाफ पर लगाया अश्लील, अभद्रव्यवहार करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** विगत दिन थाना बन्नादेवी स्थित एक होटल में जन्मिदन की पार्टी के दौरान होटल के प्रबंधक द्वारा महिला के साथ अभद्रव्यवहार करने का आरोप लगाया है।

बुधवार को सराय नवाव निवासी आकांक्षा श्रीवास्त, पत्नी मयंक श्रीवास्तव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि
31 अगस्त 2026 की रात्रि को अपनी बेटी का जन्मदिन होटल अंकित रेसीडेन्सी बरौला वाईपास रोड, अलीगढ़ में कराया था। किसी कारणवश जन्मदिन पार्टी का समय नियमित समय से बढ़ गया था। जिस वजह से होटल मैनेजर ने पैसे ज्यादा मांगे जब उसके पति मयंक श्रीवास्तव ने पैसे देने की सहमति करी परन्तु नगद पैसे न होने के कारण पैमेन्ट ऑनलाइन देने को कहा लेकिन मैनेजर ने मना कर दिया। तो उन्होने अपनी कार एवं अंगूठी गिरवी रखने को कहा परन्तु मैनेजर ने गलत जवाव और अभद्र व्यवहार करते हुये इन्कार कर दिया। इसके अलावा होटल मैनेजर ने बोला कि आप अपनी पत्नी एवं बच्ची को गिरवी रख कर जाओं और नगद पैसे का इंतजाम करवाओ। जब मेरे पति पैसे के लिये मुझे होटल में छोड़कर गये तो होटल मैनेजर और अन्य कर्मचारियों ने अश्लील व अभद्र टिप्पणी करना चालू कर दिया और होटल स्टाफ साजिद, होटल मैनेजर नूर और अंकित ने मुझसे कमरा नं0 206 में अकेले रूकने के लिये कहा और बोला कि पैसे हम वसूल कर लेगें। जब मेरे पति अपने भाई और घर के अन्य व्यक्ति के साथ आये तो होटल मैनेजर अन्य कर्मचारियों ने गाली गलौज और मारपीट करना चालू कर दिया। इस घटना को रात के 3.00 बजे गये थे। इस के बाद ही हमने थाना बन्नादेवी थाने में तहरीर दी और पूरी घटना का विवरण थाना इंचार्ज को दिया एवं तहरीर दी।



# अतरौली के जमनपुर में फीता काटकर विशाल कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** जमनपुर गांव में बुधवार को विशाल कबड्डी टूनामेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न गांवों की कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी मुकाबला देखने के लिए पहुंचे।

आयोजकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्य, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज में विद्यालय स्तरीय संवाद कार्यक्रम में किया गया प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** पुलिस अधीक्षक नगर, अलीगढ़ श्री आदित्य बंसल द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज, अलीगढ़ में माध्यमिक शिक्षा विभाग, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित विद्यालय स्तरीय संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय द्वारा इंटरमीडिएट स्तर के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

महोदय द्वारा विधार्थियों को कैरियर निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के विषय में जानकारी देते हुए उन्हें कैरियर के प्रति लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।



## निरीक्षण | निर्वाचन आयोग के निदेशों के तहत प्रथम स्तर की जांच जारी, सुरक्षा एवं उपस्थिति व्यवस्थाओं को भी परखा

# ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया का डीईओ ने किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने बुधवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के प्रथम स्तर की जांच कार्य का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिले में सुरक्षित रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की एफएलसी प्रक्रिया शुरू की गई है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एफएलसी की प्रक्रिया, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कार्मिकों और एफएलसी कार्य में लगे इंजीनियरों की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप एफएलसी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना



सर्वोच्च प्राथमिकता है। ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी का उद्देश्य मशीनों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, शुचिता और विश्वसनीयता को और मजबूत करना है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय शर्मा ने बताया कि एफएलसी का कार्य प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईवीएम एवं वीवीपैट की जांच निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत की जा रही है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार और सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार उपस्थित रहे।

# संगठनात्मक मासिक मंडल बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** भाजपा मंडल पनेहरा, जिला अलीगढ़ की संगठनात्मक मासिक मंडल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई।



बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी पनेहरा अवध बघेल ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडल अध्यक्ष यशपाल यादव ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया।

इस दौरान बूथ अध्यक्ष हरिओम चौधरी, बूथ अध्यक्ष सुनील, मंडल मंत्री लक्ष्मन माहौर, मंडल उपाध्यक्ष जीतेन्द्र शर्मा, मंडल महामंत्री सुरजेश यादव, मंडल महामंत्री राहुल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष हरिओम सिंह सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श कर आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# नगर पंचायत अगवानपुर के अध्यक्ष के "भतीजे की करंट लगने से मौत "

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के अगवानपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के 15 वर्षीय भतीजे की करंट लगने से मौत हो गई। बुधवार को उसकी बड़ी बहन की बरात आने वाली थी। परिजन तैयारियों में जुटे थे। किशोर की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर निवासी गुलरेज खान अगवानपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष हैं। उनके चचेरे भाई वसीम ठेकेदार हैं। वसीम के परिवार में पत्नी नजमा, बेटी निशा और बेटा सुहैब, अरशल, रजा और हस्सान हैं। बताया कि बुधवार को युवक की बड़ी बहन की बारात तैयारी में जुटे थे परिजन मंगलवार की शाम वसीम का बेटा अरशल (15 वर्ष) मेहमानों के लिए पंखा घुमा रहा था। इस दौरान उसे करंट लग गया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव लेकर घर चले गए।

# लेखपाल व ग्राम सचिव गांव में रहेंगे तो समस्याओं का समाधान गांव में ही होगा: डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अधिकारियों की जिम्मेदारी केवल सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है। गांव की हर गतिविधि और समस्या की जानकारी लेखपाल व ग्राम सचिव को होनी चाहिए। अधिकारी गांव में रहेंगे तो समस्याओं का समाधान गांव में ही हो सकेगा। डीएम डा. राजेन्द्र पैसिया ने यह बात पंचायत भवन में लेखपालों, ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम पंचायतों के लिए नामित नोडल अधिकारियों की आयोजित कार्यशाला में कही। डीएम ने कहा कि ग्राम स्तरीय अधिकारियों को नगरीय संस्कृति से दूर रहकर गांव में रहना चाहिए। गांव मैं रात्रि प्रवास का अलग लाभ है। इससे क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी के साथ इंटेलिजेंस भी मजबूत रहता है। कहा कि पहले लेखपाल और सचिव गांव में रहते थे तो गांव की समस्या गांव में ही सुलझ जाती थी, लेकिन अब कई जगह ऐसी स्थिति है कि लेखपाल और सचिव गांव नहीं जाते और एक-दूसरे तक को नहीं जानते। डीएम ने लेखपालों और ग्राम पंचायत संचिवों को सरकारी भूमि और भवनों का पूरा डाटा रखने के निर्देश दिए। 'सचेत' एप डाउनलोड कराने के साथ मिलावट, नशे, दुर्घटना और अन्य अवैध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने को कहा'त्योहारों पर अवकाश के बजाय पुलिस की तरह ड्यूटी निभाने व गांव में रात्रि प्रवास के निर्देश दिए 'कार्यशाला में डीएम ने ग्राम स्तर पर ग्राम कुल वाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिये। कहा कि ग्राम कुल के वाट्सएप ग्रुप में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों और मानिंद लोगों को जोड़ा जाए। इसी तरह न्याय पंचायत, ब्लाक और तहसील स्तर पर भी ग्रुप बनाए जाएं, ताकि सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। अतिथि मंडलायुक्त संगीता सिंह ने डीएम की इस पहल की सराहना की। सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम प्रशासन संगीता गौतम, एडीएम वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दूबे, जनपद के एसडीएम आदि रहे।

# पत्नी के "हत्यारे को आजीवन कारावास" पति ने हत्या कर उत्तराखंड के जंगल में फेंक दिया था शव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** पत्नी की हत्या कर उत्तराखंड के जंगल में लाश फेंकने वाले पति नवाब को अदालत ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।भगतपुर थाना क्षेत्र के बहेड़ी निवासी मो. हनीफ ने 11 अक्तूबर 2017 को भगतपुर थाना क्षेत्र के उदमावाला निवासी नवाब के खिलाफ भगतपुर थाने में हत्या और लाश छिपाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें मो. हनीफ ने बताया कि उसने अपनी बेटी रोशन जहां (26) की शादी नवाब के साथ की थी। जिसमें मो. हनीफ ने बताया कि नवाब ने उसकी बेटी की हत्या कर दी और लाश कहीं छिपा दी है। पुलिस ने आरोपी नवाब और उसकी पत्नी रोशन जहां के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई थी। जिससे सामने आया था कि 27 सितंबर 2017 को दोनों के मोबाइल की लोकेशन अल्मोड़ा जिले में थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह अपनी पत्नी पर शक करता था और 27 सितंबर 2017 को उसे घुमाने के बहाने उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में ले गया था। वहां मौका पाकर उसने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी थी।इसके बाद उसकी लाश जंगल में फेंकने के बाद अपने घर आ गया था। यहां उसने खुद भी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस उस पर शक न करे इस लिए वह बार बार थाने जाकर पुलिस पर दबाव बनाता था कि उसकी पत्नी की तलाश की जाए। पुलिस ने आरोपी की निशान देही पर रोशन जहां की लाश उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के जंगल से बरामद की थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट-एक की विशेष न्यायाधीश प्रीति सिंह की अदालत में चली। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुलजिम नवाब को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल, कांठ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल, कांठ में श्रीकृष्ण

- **'मटकी डेकोरेशन' और पोस्टर मेकिंग गतिविधियों का आयोजन,**
- **चेयरमैन जितेंद्र बिश्नोई ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के 'कर्मयोग' के संदेश पर डाला प्रकाश**

जन्माष्टमी का पर्व आज अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह की शुरूआत में प्राथमिक वर्ग के छोटे-छोटे बच्चे राधा और श्रीकृष्ण की आकर्षक पारंपरिक पोशाकों में सजे नजर आए, जिनकी उपस्थिति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भक्तिमय कृष्ण भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पूरे विद्यालय परिसर को कलात्मक रूप से सजाया गया था। इसके साथ ही 'मटकी डेकोरेशन' और पोस्टर मेकिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर चित्र और कलाकृतियाँ बनाईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या ममता बिश्नोई ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी के सांस्कृतिक व नैतिक महत्व की जानकारी दी और उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के उच्च आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।?विद्यालय के चेयरमैन जितेंद्र बिश्नोई ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के 'कर्मयोग' के संदेश पर प्रकाश डाला और उन्हें अपने कर्तव्य पथ पर निष्ठापूर्वक आगे बढ़ने का आह्वान किया।प्रबंध निदेशक (एम.डी.) सचिन विश्नोई ने सभी विद्यार्थियों को पर्व की शुभकामनाएँ दीं और उनकी प्रतिभा तथा प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में हुआ।




# दिल्ली पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), मुरादाबाद का प्रांगण श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पूरी तरह भक्ति, उल्लास और अनूठे सांस्कृतिक रंगों में सराबोर नजर आया। गेंदे के सुगंधित फूलों, मनमोहक झांकियों और रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजे विद्यालय परिसर में ऐसा जीवंत वातावरण निर्मित हुआ, मानो साक्षात गोकुल धाम मुरादाबाद की धरती पर उतर आया हो।इस मांगलिक बेला पर श्री कृष्ण जी की पावन महाआरती व सुन्दर भजनों से प्रस्तुति की गई, जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक व गैर-शिक्षक स्टाफ भी पारंपरिक परिधानों में पूरी श्रद्धा के साथ सम्मिलित हुए।मनमोहक गोकुल लीला और सांस्कृतिक छटा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्री-प्राइमरी और प्राइमरी विंग के नन्हें-मुन्हें नौनिहाल रहे। सिर पर मोरपंख, हाथों में बांसुरी और चेहरों पर मनमोहक मुस्कान लिए सैकड़ों बच्चे कान्हा, राधा, सुदामा और गोपियों के स्वरूप में सजकर पहुंचे थे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक कृष्ण-लीला, सुरीले भजनों और 'गोविंदा आला रे' की धुन पर किए गए ग्रुप डांस ने वहां मौजूद हर शख्स को मंत्रमुग्ध कर दिया।उत्सव का सबसे रोमांचक और प्रतीक्षित क्षण 'मटकी फोड़' प्रतियोगिता रही। ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच सीनियर विंग के छात्रों ने अदम्य साहस और आपसी तालमेल का परिचय देते हुए विशाल मानव पिरामिड बनाया। हवा में ऊंचाई पर लटक रही माखन से भरी मटकी के फूटते ही पूरा विद्यालय परिसर 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा।





इस अवसर पर प्रो-वाइस चेयरमैन संदीप जैन और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नितिन जैन ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की व उन्हें पर्व की शुभकामनाएं देते हुए श्री कृष्ण जी के जीवन चरित्र से प्रेरित होकर समाज में उनके जीवन आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि आधुनिक युग में सर्वश्रेष्ठ बनने के साथ-साथ अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर और नैतिक मूल्यों को संजोकर रखना ही सच्चे राष्ट्र निर्माण की नींव है।प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा, "भगवान श्री कृष्ण का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए कर्म करने की प्रेरणा देता है।

शिक्षा के साथ-साथ हमारी भावी पीढ़ी में इन महान सांस्कृतिक संस्कारों का होना अत्यंत अनिवार्य है, संगीत, कला, राजनीति और कूटनीति जैसी सभी '64 कलाओं' के ज्ञाता श्री कृष्ण जी ने विश्वगुरु के रूप में आकर अपने गीता के उपदेशों से समस्त विश्व का पथ प्रदर्शित किया, यह ज्ञान आदि से अनंत तक सभी मनुष्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त स्टाफ की कड़ी मेहनत के प्रति आभार जताया एवं सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभेच्छा व कोटि कोटि शुभकामनाएं प्रेषित की। पवित्र माखन-मिश्री के प्रसाद वितरण और राष्ट्रगान के साथ इस अविस्मरणीय और भव्य समारोह का समापन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता सूचियों का विशेष वार्षिक पुनरीक्षण (एसएआर) अक्तूबर में होने की उम्मीद : विधानसभा" चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त "करने की कवायद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश में मतदाता सूचियों का विशेष वार्षिक पुनरीक्षण (एसएआर) अक्तूबर में होने की संभावना है। इस अभियान में भी बूथ लेव ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाएंगे। नाम जोड़ने व हटाने के लिए फॉर्म-6 व 7 भरवाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया के बाद जनवरी में अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद फाइनल मतदाता सूची 10 अप्रैल को जारी की गई थी। इसमें कुल 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। अब एसएआर की तैयारी की जा रही है। विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने की यह अंतिम बड़ी कवायद होगी। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, प्रदेश में अगले माह यह काम बड़े पैमाने पर किया जाएगा। एसएआर के तहत सबसे पहले मसौदा सूची जारी होगी। इस अभियान के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृतक और अनुपस्थित मतदाताओं को चिह्नित करेंगे। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाएंगे।

### कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ में नौ पदों के लिए 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे : 6 सितंबर को होगा मतदान और मतगणना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** उत्तर प्रदेश कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के चुनाव में नौ पदों के लिए 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे। अध्यक्ष समेत सात पदों के लिए दो-दो उम्मीदवार सामने आए हैं। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष और संयुक्त मंत्री पद के लिए सिर्फ एक एक नामांकन किए गए। उप्र कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के नौ पदों पर चुनाव प्रक्रिया के लिए 29 अगस्त को कार्यक्रम जारी किया गया है। सोमवार को नौ पदों के लिए 18 उम्मीदवारों ने पर्चा लिया था। छह सितंबर को डीएम कोर्ट कक्ष में होगा मतदान' वरिष्ठ उपाध्यक्ष और संयुक्त मंत्री पद को छोड़कर बाकी सात पदों पर दो-दो उम्मीदवारों ने अपना पर्चा भरा है। ऐसे में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और संयुक्त मंत्री का निर्वाचन निर्विरोध होना तय हो गया है।निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार अग्रवाल के अनुसार नामांकनपत्रों की जांच के बाद उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। छह सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान कराया जाएगा। तीन बजे से मतों की गणना की जाएगी।

### आंवला सांसद को मिली बड़ी जिम्मेदारी, छह जिलों में संगठन को देंगे धार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आंवला सांसद नीरज मौर्य को छह जिलों में महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें विधानसभा क्षेत्रों में चौपाल और कैडर पंचायत आयोजित कर कार्यकर्ताओ व आम लोगों से संवाद करने के निर्देश दिए गए हैं।


नीरज मौर्य, सांसद, आंवला

**छह जिलों में संभालेंगे मोर्चा**

प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जारी पत्र के मुताबिक सांसद नीरज मौर्य को फरुर्खाबाद, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर और उन्नाव के विधानसभा क्षेत्रों में चौपाल एवं कैडर पंचायत आयोजित करनी होंगी। इन कार्यक्रमों के जरिए पार्टी कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने के साथ संगठन की जमीनी स्थिति का आकलन किया जाएगा।

**जनता तक पहुंचाएंगे सपा की नीतियां**

चौपाल और कैडर पंचायतों में सपा की नीतियों, कार्यक्रमों और पूर्ववर्ती सरकार के विकास कार्यों को जनता के बीच रखा जाएगा। सांसद स्थानीय कार्यकताओं से उनकी समस्याएं और सुझाव भी जानेंगे तथा फीडबैक पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाएंगे।

**विधानसभा चुनाव से पहले संगठन पर फोकस**

**आंवला** संसदीय क्षेत्र से बाहर छह जिलों की जिम्मेदारी मिलने से सांसद नीरज मौर्य की संगठनात्मक भूमिका का दायरा बढ़ गया है।

पार्टी नेतृत्व की इस कवायद को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और कार्यकताओं को सक्रिय करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

# ग्राम पंचायतों के कामकाज को प्रभावी बनाने हेतु पंचायत सहायकों की बैठक कर उनके कार्यों जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** ग्राम पंचायतों के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में प्रशासन ने नवचयनित पंचायत सहायकों की कार्यप्रणाली पर निगरानी तेज कर दी है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवचयनित पंचायत सहायकों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी उपस्थिति, कार्यों और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पंचायत सहायकों को उनकी भूमिका और दायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**उपस्थिति और कार्यों की ली गई जानकारी**

बैठक के दौरान पंचायत सहायकों की नियमित उपस्थिति और ग्राम पंचायतों में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने पंचायत सहायकों से उनके कार्यों की जानकारी लेते हुए यह समझने का प्रयास किया कि ग्राम स्तर पर उन्हें सौंपे गए दायित्वों का किस प्रकार निर्वहन किया जा रहा है। अधिकारियों ने पंचायत सहायकों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर रहें और ग्राम पंचायत स्तर पर सौंपे जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। ग्रामीणों से जुड़े कार्यों में अनावश्यक देरी न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

**ग्राम पंचायतों में महत्वपूर्ण कड़ी हैं पंचायत सहायक**

बैठक में पंचायत सहायकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके दायित्वों की समीक्षा की गई। पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं, विकास कार्यों और ग्रामीणों से संबंधित विभिन्न कार्यों के संचालन में पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में उनसे अपेक्षा की गई कि वे ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें।



**लापरवाही से बचने और समयबद्ध कार्य पर जोर**

अधिकारियों ने पंचायत सहायकों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में किए जाने वाले कार्यों में लापरवाही न बरती जाए। सभी कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया और समयसीमा के अनुसार पूरा करने के साथ ही अभिलेखों और संबंधित सूचनाओं को व्यवस्थित रखने पर भी ध्यान दिया जाए। बैठक में पंचायत सहायकों से कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं और व्यावहारिक कठिनाइयों के संबंध में भी वार्ता की गई। अधिकारियों ने आवश्यकतानुसार उनका मार्गदर्शन करते हुए कार्यों को बेहतर तरीके से संपादित करने के निर्देश दिए।

**जिम्मेदारी के साथ करें ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान**

अधिकारियों ने कहा कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए उन्हें ग्रामीणों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और पंचायत स्तर की सुविधाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने में भी सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया।

**बैठक में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

बैठक के अंत में पंचायत सहायकों को उनके दायित्वों और कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही नियमित उपस्थिति बनाए रखने, सौंपे गए कार्यों को समय से पूरा करने और ग्राम पंचायत स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने पर जोर दिया गया।

प्रशासन की ओर से पंचायत सहायकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा आगे भी किए जाने के संकेत दिए गए, ताकि ग्राम पंचायतों में कार्य व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

**हादसा** — वैष्णो देवी, महाकालेश्वर समेत कई धार्मिक स्थलों की यात्रा करते हुए हरिद्वार से लौट रहे थे।

# नेपाल के "तीर्थ यात्रियों की बस रोडवेज से टकराई" 40 से अधिक लोग घायल,बसें बुरी तरह से हुई क्षतिग्रस्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** नगर से करीब 2 किलोमीटर दूर कांठ थाना क्षेत्र के गढ़ी में मंगलवार की देर रात नेपाल के तीर्थ यात्रियों की बस आगे चल रही रोडवेज बस में पीछे से टकराने के बाद एक कोठरी से टकरा गई। इसमें दोनों बसें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

निजी बस में सवार 40 से अधिक नेपाली तीर्थ यात्री घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया 10 तीर्थ यात्रियों की गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद-हरिद्वार स्टेट हाईवे पर कांठ के गांव गढ़ी के अड्डे पर हरिद्वार से लौट रहे नेपाल के तीर्थयात्रियों की बस आगे चल रही मुरादाबाद डिपो की रोडवेज बस में पीछे से टकरा गई। इस हादसे में दोनों बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में 40 से अधिक नेपाली तीर्थ यात्री घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस और पुलिस वाहनों से सभी घायल तीर्थ यात्रियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ लाया गया, हालत गंभीर होने पर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।





तीर्थ यात्रियों ने बताया वह सभी यूपी के सनौली से सटे नेपाल के नोवल परासी और रूपमदेई जिलों के रहने वाले करीब 60 यात्री हैं। वह नेपाल से 19 अगस्त को यात्रा के लिए बस से चले थे। अब वह वैष्णो देवी, महाकालेश्वर समेत कई धार्मिक स्थलों की यात्रा करते हुए हरिद्वार से लौट रहे थे। अब उन्हें अयोध्या में रामलला के दर्शन को जाना था। वहां से उन्हें दर्शन करने के बाद तीन सितंबर को नेपाल पहुंचना था। हादसे में बस चालक उमेश शुक्ला, जोगेंद्र चौधरी, गणपत, विद्या, रामकिशन यादव,जुगिंद्र चौधरी, विश्वनाथ तेली, इसरावती, कुतारी, चांदमति तेली, सुंदरी यादव, नर्मदा, गैना, प्रभावती, राजू सहानी, अच्छेलाल गुप्ता, शीशकली गुप्ता, बिंदु प्रसाद, दिनेशमिश्रा, अमित आदि 40 से अधिक नेपाली तीर्थ यात्री घायल हो गए। घायल यात्रियों ने बताया कि जब यह हादसा हुआ तो बस में अधिकांश यात्री सो रहे थे।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में मेरठ पुलिस प्रदेश में अव्वल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** आईजीआरएस और जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में मेरठ पुलिस ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। अगस्त 2026 की मूल्यांकन रिपोर्ट में मेरठ पुलिस को 135 में से 135 अंक यानी 100 प्रतिशत अंक मिले हैं मूल्यांकन में शिकायतों के समय से निस्तारण, डिफॉल्टर संदर्भ, शिकायतकर्ताओं की प्रतिक्रिया और निस्तारण की गुणवत्ता समेत कई मानकों को शामिल किया गया। अगस्त माह में पुलिस को भेजे गए 626 संदर्भों का औसतन 0.22 दिन में निस्तारण किया गया। वहीं पिछले छह माह में प्राप्त औसतन 4805 संदर्भों में माह के अंत तक एक भी संदर्भ डिफॉल्टर नहीं रहा।अगस्त में निस्तारित शिकायतों को लेकर 3506 शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लिया गया। इनमें 3336 शिकायतकर्ताओं ने निस्तारण पर संतोष जताया।



इस तरह संतोषजनक फीडबैक 95.15 प्रतिशत रहा। उच्चाधिकारियों द्वारा श्रेणीकृत 65 संदर्भों में एक भी शिकायत सी-श्रेणी में नहीं मिली।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ की ओर से राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और आईजीआरएस से जुड़े पुलिसकर्मियों को शिकायतों का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तय समय में करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। नियमित समीक्षा और प्रभावी निगरानी के चलते मेरठ पुलिस ने 100 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहली रैंक प्राप्त की।मेरठ पुलिस ने कहा कि जनशिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आगे भी प्रभावी तरीके से काम जारी रहेगा।

# आउटसोर्स कर्मियों को बढ़े पारिश्रमिक का तोहफा, पालिका में देखा सीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर पालिका परिषद सरधना के अब्दुल कलाम सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के लोगो का अनावरण, वेबसाइट और पोर्टल के शुभारंभ के साथ आउटसोर्स कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि की घोषणा की गई। शासन के निर्देश पर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। लोक भवन लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का



प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। नगर पालिका के सभासदों, कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मियों और नगर के गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखा और सुना।
मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। निगम के गठन से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, समय से वेतन, ईपीएफ, ईएसआईसी और सेवा सुरक्षा जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने कहा कि शासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया जाएगा। आउटसोर्स कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार मिलने वाले सभी लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में शावेज अंसारी, पिंकी सोम, पंकज टाली, शानू जैन, राहुल पाल समेत नगर पालिका के सभासद, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# धौलाना के विकास और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी ताकत से करूंगा काम : दिग्विजय शिशोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा (राशिद खान)।** विधानसभा क्षेत्र में आगामी राजनीतिक गतिविधियों के बीच समाजवादी पार्टी नेता दिग्विजय शिशोदिया लगातार जनसंपर्क और स्थानीय मुद्दों को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। व्यवसाय के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे शिशोदिया धौलाना के युवाओं, किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को अपनी प्राथमिकताओं में रखते हैं। क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, विकास की चुनौतियों और अपनी राजनीतिक सोच को लेकर उन्होंने विशेष बातचीत में विस्तार से विचार रखे।

**प्रश्नः आप व्यवसाय की एक स्थापित पृष्ठभूमि से आते हैं। राजनीति में आने का निर्णय क्यों लिया?**
उत्तरः व्यवसाय ने मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया, लेकिन समाज के बीच काम करने से मुझे लोगों की वास्तविक समस्याओं को समझने का अवसर मिला। वर्षों से मैंने देखा है कि हमारे क्षेत्र में अनेक लोग छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाते हैं। युवाओं के सामने रोजगार की चुनौती है। किसानों के सामने लागत, जमीन और उचित मूल्य से जुड़े सवाल हैं। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जरूरतों को लेकर परेशान हैं।
मैंने हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार लोगों की सहायता करने का प्रयास किया है। राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ नहीं है। मेरा उद्देश्य व्यवस्था के भीतर रहकर जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना और उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करना है।

**प्रश्नः धौलाना विधानसभा की मौजूदा स्थिति को आप किस नजर से देखते हैं?**
उत्तरः धौलाना के सामने संभावनाएँ भी हैं और चुनौतियाँ भी। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, युवा आबादी और औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए यहाँ विकास की बड़ी संभावनाएँ मौजूद हैं। लेकिन विकास का अर्थ केवल सड़क या किसी एक परियोजना तक सीमित नहीं होना चाहिए। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, जल निकासी और सार्वजनिक सुविधाएँ भी विकास का हिस्सा हैं।
मेरी प्राथमिकता ऐसी राजनीति की है जिसमें हर गाँव और हर मोहल्ले की जरूरत को सुना जाए। जनता को घोषणाओं से अधिक परिणाम चाहिए। यही आज की सबसे बड़ी राजनीतिक अपेक्षा है।

**प्रश्नः आपकी राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?**
उत्तरः मेरी सबसे बड़ी ताकत लोगों के बीच मेरा सीधा संपर्क है। मैं राजनीति को केवल चुनाव के समय लोगों के बीच जाने तक सीमित नहीं मानता। गाँव की चौपाल हो, किसान का खेत हो, किसी परिवार की व्यक्तिगत परेशानी हो या युवा के रोजगार का सवाल, मेरी कोशिश रहती है कि लोगों की बात सुनी जाए। मेरे लिए राजनीति का अर्थ पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी लेना है। जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए निरंतर जमीन पर काम करना जरूरी है।

**प्रश्नः धौलाना के युवाओं के लिए आपकी सबसे बड़ी प्राथमिकता क्या होगी?**
उत्तरः युवा किसी भी क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। धौलाना का युवा मेहनती है, प्रतिभाशाली है और आगे बढ़ना चाहता है। समस्या अवसरों की है। हमारे युवाओं को रोजगार और शिक्षा के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। मेरी प्राथमिकता स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की होगी। इसके लिए कौशल विकास केंद्र, तकनीकी प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन, पुस्तकालय, खेल सुविधाएँ और स्वरोजगार से जुड़े कार्यक्रम जरूरी हैं।
मैं चाहता हूँ कि धौलाना का युवा नौकरी की तलाश में मजबूरी में पलायन करने के बजाय अपने क्षेत्र में ही रोजगार और व्यवसाय के अवसर तलाश करे।

**प्रश्नः रोजगार के अलावा युवाओं की दूसरी बड़ी समस्या आपको क्या दिखाई देती है?**
उत्तरः रोजगार के साथ सही मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण है। बहुत से युवा मेहनत करते हैं, लेकिन उन्हें सही जानकारी, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन नहीं मिलता। हमारे क्षेत्र में ऐसे केंद्र होने चाहिए जहाँ युवा प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी प्रशिक्षण, डिजिटल कौशल और स्वरोजगार के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। खेल प्रतिभाओं पर भी ध्यान देना जरूरी है। गाँवों में खेल मैदान और आवश्यक सुविधाएँ विकसित हों तो अनेक युवा अपनी प्रतिभा को आगे ले जा सकते हैं।

**प्रश्नः किसानों की स्थिति को लेकर आपकी क्या**



**प्राथमिकताएँ हैं?**
उत्तरः किसान धौलाना की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके सामने सिंचाई, बिजली, खाद-बीज, फसल का उचित मूल्य और जमीन से जुड़े कई सवाल हैं। किसान की जमीन और उसके अधिकारों की सुरक्षा महत्वपूर्ण विषय है। जमीन से जुड़े मामलों में किसान को उचित जानकारी और प्रशासनिक स्तर पर निष्पक्ष सुनवाई मिलनी चाहिए। सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। किसान को योजना की जानकारी, पात्रता और लाभ लेने की प्रक्रिया समझाने के लिए प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए।

**प्रश्नः शिक्षा के क्षेत्र में धौलाना की सबसे बड़ी कमी क्या है?**
उत्तरः हमारे क्षेत्र में उच्च शिक्षा के पर्याप्त अवसरों की कमी एक गंभीर विषय है। विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए दूर जाना पड़ता है। मेरा प्रयास होगा कि धौलाना क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण डिग्री कॉलेज की स्थापना की दिशा में प्रभावी पहल हो। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता, भवन, पुस्तकालय, डिजिटल संसाधन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण पर भी ध्यान देना होगा। हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए अपना क्षेत्र छोड़ने की मजबूरी नहीं होनी चाहिए।

**प्रश्नः स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आपकी प्राथमिकताएँ क्या हैं?**
उत्तरः स्वास्थ्य सुविधा हर परिवार की जरूरत है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर, नर्स, दवाइयाँ और जरूरी जांच सुविधाएँ उपलब्ध होना जरूरी है। किसी गरीब परिवार को सामान्य इलाज के लिए भी दूर के शहरों में जाने की मजबूरी नहीं होनी चाहिए। मेरा लक्ष्य ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए प्रयास करना होगा जिसमें मरीज को समय पर उपचार और सम्मानजनक व्यवहार मिले।

**प्रश्नः महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर आपकी क्या सोच है?**
उत्तरः महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता किसी भी समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है।
महिलाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण, स्वरोजगार, शिक्षा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता है। सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, बेहतर परिवहन और प्रशासनिक स्तर पर शिकायतों की प्रभावी सुनवाई भी जरूरी है। मैं चाहता हूँ कि धौलाना की महिलाएँ अपने फैसलों में आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत हों।

**प्रश्नः धौलाना में औद्योगिक क्षेत्र और स्थानीय रोजगार के बीच बेहतर तालमेल कैसे बने?**
उत्तरः धौलाना में औद्योगिक गतिविधियों की मौजूदगी एक बड़ी संभावना है। स्थानीय युवाओं को इसका सीधा लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए उद्योगों और स्थानीय युवाओं के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। प्रशिक्षण और कौशल विकास की व्यवस्था उद्योगों की जरूरत के अनुसार होनी चाहिए। यदि स्थानीय युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण मिले तो कंपनियों को योग्य कर्मचारी मिलेंगे और युवाओं को अपने क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**प्रश्नः क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और जल निकासी जैसे बुनियादी मुद्दों पर आपका क्या रोडमैप होगा?**
उत्तरः बुनियादी सुविधाएँ किसी भी विकास की पहली शर्त हैं। गाँव और शहर दोनों क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल और जल निकासी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाना चाहिए। मेरी सोच है कि विकास की योजना बनाते समय प्रत्येक गाँव और मोहल्ले की जरूरत का वास्तविक आकलन किया जाए। किस क्षेत्र में कौन सी समस्या है, उसके समाधान की समयसीमा क्या है और काम की प्रगति क्या है, इसकी सार्वजनिक जानकारी जनता तक पहुँचनी चाहिए।

**प्रश्नः राजनीति में पारदर्शिता और जवाबदेही को आप कितना महत्वपूर्ण मानते हैं?**
उत्तरः बहुत महत्वपूर्ण। जनता को अपने प्रतिनिधि से सवाल पूछने का पूरा अधिकार है। मेरी कोशिश होगी कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच दूरी कम हो। क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी लोगों के सामने हो और जनता अपनी शिकायत सीधे रख सके। राजनीति में विश्वास तभी मजबूत होता है जब बात और काम के बीच अंतर कम हो।

**प्रश्नः आपकी राजनीति को लेकर सबसे बड़ी आलोचना क्या हो सकती है?**
उत्तरः आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में है तो जनता और विरोधियों के सवालों का सामना करना पड़ता है। मैं आलोचना से बचने के बजाय अपने काम को बेहतर करने में विश्वास रखता हूँ। यदि कोई मेरे काम में कमी बताता है तो उसे सुनना चाहिए।
राजनीति में अंतिम निर्णय जनता का होता है। इसलिए जनता के बीच रहना और उनके सवालों का जवाब देना ही सबसे महत्वपूर्ण है।

**प्रश्नः आपको अन्य राजनीतिक नेताओं से अलग क्या बनाता है?**
उत्तरः मैं अपनी तुलना किसी दूसरे नेता से नहीं करना चाहता। हर व्यक्ति की अपनी कार्यशैली होती है।
मेरी पहचान मेरे सामाजिक संपर्क और लोगों के बीच रहने से बनी है। मेरे लिए राजनीति आय का साधन नहीं है। मेरा व्यवसाय मुझे आत्मनिर्भर बनाता है। राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना है। मैं चाहता हूँ कि लोग मेरे भाषणों से नहीं, मेरे काम और व्यवहार से मेरा मूल्यांकन करें।

**प्रश्नः यदि जनता आपको अवसर देती है तो आपके पहले तीन प्रमुख लक्ष्य क्या होंगे?**
उत्तरः पहला, युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ाना। दूसरा, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रभावी पहल करना। तीसरा, किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता देना। इसके साथ सड़क, बिजली, पानी, जल निकासी और स्थानीय विकास के मुद्दे लगातार एजेंडे में रहेंगे।

**प्रश्नः धौलाना के विकास का आपका बड़ा विजन क्या है?**
उत्तरः मेरा सपना ऐसा धौलाना है जहाँ विकास कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित न रहे। हर गाँव को अच्छी सड़क मिले। हर परिवार को मूलभूत सुविधाएँ मिलें। युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। किसानों को सम्मान और उनकी समस्याओं पर सुनवाई मिले। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और लोगों को अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हों।
इसके साथ सामाजिक सौहार्द हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। जाति, वर्ग और समुदाय से ऊपर उठकर सभी लोगों को साथ लेकर चलना ही क्षेत्र की वास्तविक प्रगति है।

**प्रश्नः यदि आपको एक वाक्य में अपनी राजनीति की दिशा बतानी हो तो क्या कहेंगे?**
उत्तरः मेरी राजनीति का केंद्र सत्ता नहीं, जनता है। मेरा प्रयास रहेगा कि धौलाना में विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को प्राथमिकता मिले।

**प्रश्नः अंत में धौलाना की जनता के लिए आपका संदेश क्या है?**
उत्तरः मैं धौलाना की जनता से केवल समर्थन नहीं, विश्वास का रिश्ता चाहता हूँ। आपके सवाल मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं। आपकी समस्याएँ मेरी जिम्मेदारी हैं। सड़क, स्कूल, अस्पताल, किसान, युवा, रोजगार या किसी परिवार की व्यक्तिगत परेशानी, हर मुद्दे को गंभीरता से उठाना मेरा प्रयास रहेगा। मैं बड़े-बड़े दावों के बजाय जमीन पर काम करने में विश्वास रखता हूँ। जनता मुझे मेरे शब्दों से नहीं, मेरे काम, व्यवहार और नीयत से परखे। धौलाना के सम्मान, अधिकार और बेहतर भविष्य के लिए मैं पूरी ईमानदारी के साथ जनता के बीच रहूँगा।

## ऑपरेशन दहन के तहत 11 मुकदमों में जब्त नशीले पदार्थों का इंसीनरेटर से कराया विनिष्टीकरण

# जीआरपी समेत तीन थानों में बरामद 16 किलो मादक पदार्थ नष्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन के तहत सम्भल पुलिस ने बुधवार को चंदौसी जीआरपी समेत जनपद के तीन थानों में दर्ज 11 मुकदमों में बरामद 16.026 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत 5.75 लाख रुपये बताई गई है। थाना संभल, हयातनगर और जीआरपी चंदौसी से संबंधित मुकदमों में बरामद डोडा, स्मैक, चरस और नशीली गोलियों समेत अन्य मादक पदार्थों को न्यायालय के आदेश के बाद बबराला स्थित पुनर्चक्रण प्राइवेट लिमिटेड में उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर के माध्यम से नष्ट किया गया। कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत और क्षेत्राधिकारी लाइन स्तुति सिंह की मौजूदगी में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में हुई। पूरी प्रक्रिया की फोटो और वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# उम्मीद है इस बार 'राम धन' की चोरी नहीं होगी: राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक पर बोले अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई कि 'राम धन' (चंदे की रकम) का कोई गलत इस्तेमाल नहीं होगा। यह बात उन्होंने तब कही जब राम जन्मभूमि मंदिर के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) की नियुक्ति के लिए 2 सितंबर को अयोध्या में राम जन्मभूमि ट्रस्ट की बैठक हुई। पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने आरोप लगाया कि अयोध्या में गरीब लोगों की जमीन हड़पकर उनके साथ धोखाधड़ी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब नई चीजें होती हैं, तो क्या हम पुरानी बातों को भूल जाते हैं? हमें किसी से कोई शिकायत नहीं है, लेकिन जिस तरह से चंदे की चोरी हुई, उसमें आपने आम कर्मचारियों को तो जेल भेज दिया, पर बड़े नामों को छोड़ दिया। हमें उम्मीद है कि 'राम धन' की चोरी नहीं होगी।



यादव ने अयोध्या के विकास के काम-काज की आलोचना करते हुए कहा कि अयोध्या को एक वर्ल्ड-क्लास शहर के तौर पर विकसित किया जाना चाहिए था। उनके (बीजेपी) मन में इतना लालच है कि गरीबों की जमीन हड़पी जा रही है। मंदिर के पहले उएड की नियुक्ति पर चर्चा करने के लिए 2 सितंबर को अयोध्या में श्री मणिरामदास छावनी में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शुरू हुई। बैठक में मौजूद ट्रस्ट के सदस्यों में महंत दिनेन्द्र दास महाराज, महंत कमल नयन दास और कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज शामिल थे।उम्मीद है कि ट्रस्ट बैठक के दौरान चयन रिपोर्ट पर विचार करेगा और उएड की नियुक्ति को अंतिम रूप देगा। उएड चुनने के लिए बनाई गई तीन सदस्यों वाली सर्च कमेटी ने एक विस्तृत स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट पिछले दिन सौंपी। इस प्रक्रिया में 5,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था।




## शोभायात्रा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने मुख्य रथ का पूजन कर लिया आशीर्वाद, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

# गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में बुधवार को कागजी मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर से धूमधाम के साथ भगवान श्री राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल स्वचलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। फरीदाबाद से आए हनुमान जी के स्वरूप ने भी लोगों का ध्यान खींचा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।
शोभायात्रा का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव और पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय , मंजू दिलेर, उप जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर मुख्य रथ की आरती और फीता काटकर किया। इस दौरान राज्य मंत्री गुलाब देवी ने भगवान श्री राधा-कृष्ण के मुख्य रथ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। उपजिलाधिकारी सहित कई राजनीतिक और सामाजिक लोग भी मौजूद रहे।



शोभायात्रा में भगवान गणेश, मां काली, हनुमान जी, शेरावाली मां, राधा-कृष्ण, राम दरबार, बांके बिहारी, रामलला, राम-रावण युद्ध और खाटू श्याम की स्वचलित झांकियां शामिल रहीं। महाकाल बाबा की शाही पालकी और बांके बिहारी का निधि बंगला भी आकर्षण का केंद्र रहे। अघोरी के वेश में सजे कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया।
शोभायात्रा श्री सनातन पंजाबी सभा मंदिर से शुरू होकर फव्वारा चौक, मालवीय चौक, रामस्वरूप रोड, संभल गेट, घंटाघर, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, बड़ा बाजार, हुसैनी बाजार और मुरादाबाद गेट होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।
शोभायात्रा में सुधीर मल्होत्रा, सचिन मग्गो, बुद्धिश छाबड़ा, विजय अरोरा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोरा, नीतू ओहरी, बिट्टू अदलखा, गुलशन खत्री, ऋतिक अदलखा, अर्पित मेहरोत्रा, राजू कालरा, मनमोहन भसीन, इंद्रमोहन बतरा, सचिन अरोरा, संजय मदान, विमल साहनी, गुलशन अरोरा, यश मदान, सावन शर्मा, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन सचिन मग्गो और ऋषि अरोरा ने किया।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267